

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 318 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 27 अगस्त 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


## अधिकार सेना पार्टी ने अवधेश ठाकुर को दी बलिया जिले की कमान, बनाया जिलाध्यक्ष

*संगठनात्मक तैनाती पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर द्वारा निर्मित नई राजनीतिक पार्टी है अधिकार सेना*

*–बलिया संसदीय सीट से ही 2024 में चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं अमिताभ ठाकुर*



शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ,
दैनिक समाज जागरण

बलिया : जिले के पुलिस अधीक्षक रह चुके पूर्व




आईपीएस अमिताभ ठाकुर द्वारा निर्मित राजनीतिक दल अधिकार सेना ने बलिया जिले में अपने संगठनात्मक प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया है। बलिया का संगठन पार्टी के लिए काफी अहम है क्योंकि पार्टी प्रमुख अमिताभ ठाकुर ने आगामी लोकसभा चुनाव बलिया से लड़ने का एलान कर दिया है। जिले के अवधेश ठाकुर को जिले की कमान सौंप संगठन विस्तार का निर्देश दिया गया है।

अधिकार सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश सिंह ने मीडिया को बताया कि अधिकार सेना के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर के निदेर्शानुसार अवधेश ठाकुर को बलिया का जिलाध्यक्ष और सनक पांडेय को बलिया विधानसभा प्रभारी घोषित किया गया है। इनके मनोनयन से बलिया जिले मे पार्टी विस्तार का कार्यक्रम तेजी से बढेगा। चूंकि अमिताभ ठाकुर बलिया लोकसभा चुनाव लड़ेंगे तो बलिया जिले के ग्राम सभाओं की ईकाइयों का भी गठन जल्द शुरू किया जाएगा। इसका दायित्व जिला कार्यकारणी के ऊपर होगा। जल्द ही जिले के तमाम पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए जिले में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। जिसमें कम से कम 25 हजार स्थाई कार्यकर्ता भाग लेंगे। अगले माह इस सम्मेलन की तिथि घोषणा होनी है। राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश सिंह ने आगे बताया कि अधिकार सेना से जुड़ने वाले कार्यकताओं की समस्या और सम्मान की लडाई ही हमारी प्राथमिकता है। जनता के अधिकार और हितों की रक्षा के लिए ही राष्ट्रीय संयोजक अमिताभ ठाकुर ने इस राजनैतिक दल अधिकार सेना का गठन किया है।

# रिटायरमेंट पर भावुक हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रमना

*सीजेआई एनवी रमना ने कहा कि हमें इस फैक्ट को स्वीकार करना होगा कि पेंडेंसी हमारे सामने एक बड़ी चुनौती है. मुझे यह स्वीकार करना चाहिए कि मामलों को लिस्टेड करने और पोस्ट करने का मुद्दा उन क्षेत्रों में से एक है जिन पर मैं ज्यादा ध्यान नहीं दे सका.*



भारत के चीफ जस्टिस एनवी रमना ने शुक्रवार को पेंडिंग मामलों मामलों को एक बड़ी चुनौती करार दिया और मामलों की सुनवाई के मुद्दे पर जरूरी ध्यान नहीं देने पर खेद भी जताया. चीफ जस्टिस ने कहा कि संबंधित लोगों ने मॉड्यूल विकसित करने की कोशिश की, हालांकि इस दिशा में बहुत प्रगति नहीं हुई और इस मुद्दे को हल करने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने की जरूरत है. चीफ जस्टिस के तौर पर जस्टिस रमना का कार्यकाल शुक्रवार को खत्म हो रहा है. उन्होंने कहा कि पेंडिंग मामलों के बढ़ते बोझ का हल खोजने के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किए जाने की जरूरत है.

### संस्था हमेशा बनी रहेगी

जस्टिस रमना ने कहा कि हम सभी आम आदमी को क्विक और किफायती न्याय देने की प्रक्रिया में चर्चा और संवाद के साथ आगे बढ़ें और वह संस्था के विकास में योगदान देने वाले पहले या अंतिम नहीं होंगे. उन्होंने कहा कि लोग आएंगे और जाएंगे, लेकिन संस्था हमेशा के लिए बनी रहती है. उन्होंने संस्था की विश्वसनीयता की रक्षा करने पर जोर दिया, जो लोगों और समाज से सम्मान पाने के लिए अहम है. कोरोना महामारी के बीच अदालतों के कामकाज पर उन्होंने कहा कि अदालतों को चलाना प्राथमिकता है, न्यायपालिका की जरूरतें बाकी की जरूरतों से अलग थीं और इस बात पर जोर दिया कि जब तक बार सहयोग नहीं करता, तब तक जरूरी बदलाव लाना मुश्किल होगा. उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायपालिका समय के साथ विकसित हुई है और इसे एक ही आदेश या फैसले द्वारा आंका नहीं जा सकता है.

### इस बात पर जताया खेद

सीजेआई ने कहा कि हमें इस फैक्ट को स्वीकार करना होगा कि पेंडेंसी हमारे सामने एक बड़ी चुनौती है. मुझे यह स्वीकार करना चाहिए कि मामलों को लिस्टेड करने और पोस्ट करने का मुद्दा उन क्षेत्रों में से एक है जिन पर मैं ज्यादा ध्यान नहीं दे सका. मुझे इसके लिए खेद है हाल ही में, वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कहा था कि सीजेआई को मामलों को सौंपने और लिस्टेड करने की शक्ति नहीं होनी चाहिए और शीर्ष अदालत के पास मामलों के आवंटन के लिए एक ऑटोमेटिक सिस्टम होना चाहिए. अपने पहले विदाई भाषण को खत्म करते हुए जस्टिस रमना ने कहा, 'मैं अपने सभी सहयोगियों और बार के सभी सदस्यों को उनके एक्टिव सपोर्ट और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं, मैं निश्चित रूप से आप सभी को याद करूंगा.'

राजनीतिक कार्यक्रम

## समाजवादी पार्टी की देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा

*विधानसभा क्षेत्र फेफना में समाजवादी पदयात्रा का हुआ भव्य स्वागत अभिनंदन*

*गाजीपुर से चली पदयात्रा का बलिया में प्रवेश पर ही विधायक संग्राम यादव ने की आगवानी*

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, शंकर सिंह, विवेक राय
दैनिक समाज जागरण

बलिया टीम : समाजवादी पार्टी की अगस्त क्रांति के अवसर पर शुरू देश बचाओ देश बनाओ पदयात्रा का शुभारंभ नौ अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गाजीपुर से अभिषेक यादव सपा नेता के





नेतृत्व में हुआ। गुरुवार की शाम पदयात्रा टीम बलिया जिले में प्रवेश कर भरौली पहुंची।

बलिया की सीमा में प्रवेश करते ही स्वागत करने के लिए फेफना विधानसभा के विधायक संग्राम सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बंशीधर यादव, राज मंगल यादव, वीरवाल यादव सहित तमाम क्षेत्रीय सपा कार्यकताओं ने उनका फूल माला के साथ जोरदार स्वागत किया। भरौली गोलंबर के पास अभिषेक यादव ने बताया कि सरकार की नीतियों के विरुद्ध जनजागरण अभियान पदयात्रा चली है। लोगों के बीच जाकर सरकार की नीतियों को उजागर करना है। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, निजीकरण और सरकार के नीतियों के कारनामे को लोगों के बीच जाकर बताना और उन्हें उठ खड़े होने के लिए जागृत करना है। यही पदयात्रा का उद्देश्य है। शुक्रवार के दिन सुबह यात्रा लक्ष्मणपुर चौराहा होते हुए तेतारपुर, बिलरिया, सोबंथा, इच्छा चौबे का पूरा, कोट अंजोरपुर होते हुए बलिया की तरफ पहुंची। जगह जगह उपस्थित लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद यात्रा आगे के लिए निकली। इस जनजागरण यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

बता दें कि यह जनजागरण पदयात्रा नौ अगस्त को गाजीपुर से प्रारंभ हुई थी और 27 अक्टूबर को वाराणसी में समाप्त होगी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का अभियान

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा सेक्टर 29 मीडिया क्लब में एक प्रेसवार्ता




मे नारी शक्ति नोयडा महानगर की सह प्रमुख डॉ वेणु संगल ने कहा कि भारत सरकार ने 1 जुलाई 2022 से पूरे देश में एक बार प्रयोग में आने वाली प्लास्टिक को निर्माण करने ,उसको रखने ,वितरण करने और उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।सिंगल यूज प्लास्टिक आमतौर पर ऐसी वस्तुएं होती हैं जिन्हें केवल एक बार इस्तेमाल करने के बाद फेंक दिया जाता है। देश में 34 लाख टन सालाना निकलने वाला प्लास्टिक कचरा एक चुनौती है।प्लास्टिक मिट्टी की गुणवत्ता और पानी को प्रदूषित करता है।हम सब हमारे घरों से निकल रहे सिंगल यूज प्लास्टिक को अलग करके पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं, क्योंकि प्लास्टिक को पूरी तरह नष्ट होने में अनेकों वर्ष लग जाते हैं।

इस महत्वपूर्ण विषय पर सामान्य जनमानस का ध्यान आकृष्ट करना ही हम सब का उद्देश्य है।

प्रान्त सह प्रमुख रीना त्यागी ने कहा कि हमे सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने हेतु घर घर सम्पर्क करना होगा और महिलाए इस अभियान में अधिक से अधिक जुड़े उसके लिए उन्हें प्रेरित करना होगा

महिलाये अगर अपने घर से ही सिंगल यूज प्लास्टिक को अलग कर देंगी तो यह पर्यावरण बचाने में उनका बहुमूल्य योगदान होगा।

*शिव बारात शोभायात्रा में मुख्य अतिथि चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र*

## मटकी फोड़, छठी, रात्रि जागरण कार्यक्रम में निकाली गई शिव बारात शोभायात्रा

दैनिक समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा वार्ड नंबर 09 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मटकी फोड़ ,रात्रि जागरण,छठी कार्यक्रम एवं शिव बारात शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शिव जी,राधे कृष्ण, सुदामा जी,वामन भगवान,भारत माता ,नारद जी, हनुमान जी, आदि की सुन्दर-सुन्दर झांकीयां बच्चों/बच्चियों द्वारा प्रस्तुत की गई जो वार्ड नंबर 09से होते हुए दुर्गा मंदिर,और मेन मार्केट होते हुए फिर वही वार्ड नंबर 09 राधे कृष्ण मंदिर तक शोभायात्रा पहुंची जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र एवं नगर के सम्भ्रांत व्यक्ति श्री कृष्ण अग्रवाल,बाल कुमार वर्मा,(समाज सेवी),कमल जायसवाल( नामित सभासद),पैकरमा गुप्ता(समाज सेवी), हृदेश गुप्ता(सभासद),अमन साहनी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ),रवि गुप्ता(मंण्डल उपाध्यक्ष), श्यामू शाह, राजाराम मौर्य, शैलेन्द्र गुप्ता, शालू गुप्ता,बाशू गुप्ता, हरिओम गुप्ता, आदि अनेक सम्भ्रांत व्यक्ति इस शिव बारात शोभायात्रा में समलित साथ ही मन्दिर पर कमेटी पदाधिकारियो द्वारा प्रसाद, भण्डारा की वितरण कराया गया मटकी फोड़,छठी,रात्रि जागरण कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र



निघासन तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिंगहा कलां के ग्राम सहिजना शिव मन्दिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मटकी फोड़ रात्रि जागरण कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र का कमेटी पदाधिकारी बन्धुओं ने स्वागत करते हुए अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया मुख्य अतिथि ने राधे, कृष्ण, दुर्गा माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया जिसमें पंडित रूद्र प्रकाश शुक्ला ने वेदमन्त्र उच्चारण कर पूजन कराया जिसमें श्याम मोहन दीक्षित (प्रधान प्रतिनिधि), विपिन मौर्य (कमेटी पदाधिकारी), राजकिशोर,अजय कुमार, संतोष कुमार, अरविंद कुमार, कमलेश कुमार, महेश, प्रशांत, आदि अनेक कमेटी पदाधिकारी एवं ग्रामीण कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे साथ ही योगेश कुमार, मिथिलेश कुमार, रामशंकर दिवाकर, ब्रजमोहन, मोहन लाल, मोहित जायसवाल, कमलेश कुमार, अवधेश कुमार,हेमंत, मीरा देवी,काजल, ममता, सरिता देवी,उमा वर्मा, बबिता देवी आदि अनेक महिला/पुरुष , बच्चे अधिक संख्या में इस रात्रि जागरण कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

## आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन नगर कमेटी का गठन कर सूरज कुमार को बनाया गया नगर अध्यक्ष

शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन के



कार्यालय पर नगर कमेटी का गठन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय चेयरमैन डॉक्टर तारीख जकी व प्रदेश उपाध्यक्ष एस खान व उत्तर प्रदेश पी आर ओ आसिफ रईस अंसारी व जिले की जिला इकाई मौजूद रहे मुख्य अतिथि डॉक्टर तारीख जैकी ने संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी वह जिला इकाई नगर इकाई को संबोधित किया उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल संगठन पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ रहा है किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वही विशिष्ट अतिथि ए एस खान ने भी अपने संबोधन में कहा कि पूरे भारतवर्ष में आईरा संगठन डा तारिक जकी के नेतृत्व मे पत्रकार हितों की लड़ाई लड़ रहा है उन्होंने कहा है कि पत्रकार एक चौथा स्तंभ है जैसे न्यायपालिका कार्यपालिका वैसे ही पत्रकारों के लिए सुरक्षा आयोग का गठन होना चाहिए। सरकारी सेवा मिलती है पत्रकार को भी वैसे ही मिलनी चाहिए ।

आपको बताते चलें राष्ट्रीय चेयरमैन के नेतृत्व में मंडल इकाई जिला इकाई नगर इकाई का गठन किया गया जिसमें सपना वर्मा को मंडल सचिव नसरीन सैफी को जिला मीडिया सेल सोफिया अंसारी को महासचिव नाजिया अंसारी को जिला सचिव मनोनीत किया वही राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में नगर इकाई का गठन किया गया जिसमें सूरज कुमार नगर अध्यक्ष व सलमान को महासचिव आदित्य अग्रवाल को उपाध्यक्ष महमूद रजा को तहसील प्रभारी अनुज शर्मा को कोषाध्यक्ष डॉक्टर इकराम को सहानपुर नगर अध्यक्ष मयंक कश्यप उपाध्यक्ष सरफराज अहमद को सचिव जिला मैं उपस्थित अकरम उस्मानी शहजाद मलिक राजेश सिंघल नरेंद्र सिंह शाहनवाज अहमद अंकित शर्मा गौरव कुमार अध्यक्षता संजय कुमार अग्रवाल वह संचालन एडवोकेट अभिनव अग्रवाल ने किया

## असम करीमगंज जिले के चेरागी रेंज के अंतर्गत सिंला नदी के किनारे बांस की अवैध तस्करी जारी है।

रहस्यमय ढंग से चुप वन विभाग ! जनता के मन में आक्रोश।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :

करीमगंज जिले के चेरागी रेंज के अधिकारियों की चुप्पी में सिंला नदी मार्ग



पर हर दिन बांस का चहल-पहल भरा कारोबार चल रहा है. स्थानीय लोगों की शिकायत है कि अगर ऐसा लंबे समय तक चलता रहा तो वन विनाश से उन्हें भारी नुकसान होगा। चेरागी रेंज के नदी पर बांस का बड़े पैमाने पर हो रहे धंधे को तत्काल रोकेना के लिये राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करीमगंज जिला वन अधिकारी के साथ राज्य के वन मंत्री महोदय को स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप की मांग की।

## नोएडा: सरकारी मकान दिलाने के नाम पर 4 लाख की ठगी, डीजीपी आफिस नें लिया संज्ञान

नोएडा नबाबों की शहर तो नही लेकिन स्मार्ट सिटी अवश्य है। यहाँ आर्थिक कारोबार के साथ-साथ लोकतंत्र के पांचवा स्तंभ आर्थिक माफिया बड़े स्तर पर सक्रिय है। जो लोगों को किसी न किसी नाम पर ठगी के शिकार बनाते रहते है। ऐसा ही एक मामला टवीटर पर सामने आया है, जिसमें बताया गया है कि पीड़ित भरत गुप्ता है 4 लाख रुपये सरकारी योजना के मकान दिलाने के लिए लिया गया लेकिन योगी सरकार के



आने से यह खेल बिगड़ गया। अब पीड़ित अपने खुन पसीने के कमाई को वापस पाने के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा है लेकिन उसका सुननेवाला कोई नही है, क्योंकि माफिया बड़े रसूख होते है और राजनीतिक में उनका सांठ गांठ होता है। सत्ता को उनसे चंदा और वोट दोनों मिलते है तो भला गरीबों की कौन सुनेगा।

**खैर देर है पर अंधेर नही , या कहते है ना अन्धेर गाय की राम रखवार। अब डीजीपी आफिस नें टवीट का संज्ञान लिया है मामले की पूरी जानकारी की जा रही है। उम्मीद है फल की ठेली लगाने वाले भरत गुप्ता को उनका पैसा वापस जरूर मिलेगा।**

# सी. ए. भवानी देवी

चदलवदा अनंधा सुंदररमन भवानी देवी (जन्म- 27 अगस्त, 1993, चेन्नई, तमिलनाडु) भारतीय महिला तलवारबाज हैं। सफर छोटा भले ही हो, लेकिन इतना रोचक हो कि जमाना सदियों तक उसे याद करे। सी. ए. भवानी देवी ने इसी वाक्य को ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक, 2020 (टोक्यो ओलंपिक) में चरितार्थ किया। सी. ए. भवानी देवी भारत की तरफ से टोक्यो ओलंपिक में तलवारबाजी खेल का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र महिला खिलाड़ी रहीं। भले ही वह टोक्यो ओलंपिक में कोई मेडल नहीं जीत सकीं, लेकिन उन्होंने अपने साथ भारत का नाम ओलंपिक के इतिहास में दर्ज.करा दिया।

**परिचय**

फेंसिंग साल 1896 से ओलंपिक का हिस्सा रहा है, लेकिन 125 साल बाद कहीं जाकर भारत ने इस खेल में पर्दापण किया, जिसका प्रतिनिधित्व सी. ए. भवानी देवी ने किया। अपनी इस ज़िम्मेदरी को भवानी देवी ने बखूबी निभाया। तलवारबाजी में अपना हूनर दिखाते हुए उन्होंने पहला मैच अपने नाम कर लिया। हालांकि अगले राउंड में वह हार गईं और इसी के साथ ओलंपिक में उनका सफर खत्म हो गया। पर अपने इस छोटे-से सफर में भी भवानी देवी ने भारत के लिए फेंसिंग की दुनिया में एक नया दरवाजा खोल दिया। सी. ए. भवानी देवी ओलंपिक क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय महिला तलवारबाज खिलाड़ी हैं।

**ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक, 2020**

टोक्यो के मकुहारी मेस्से हॉल में मैच खेला गया। मैच की शुरूआत में सी. ए. भवानी देवी ने पहले राउंड ऑफ 64 के मैच में तुनिशिया की नादिया बिन अजीजी को 15-3 हरा दिया। मैच की पहली पारी में भवानी ने संभलते हुए तुनिशिया की खिलाड़ी को पहले अटैक करने का मौका दिया, लेकिन अपने मजबूत डिफेंस के चलते पॉइंट्स नहीं कमाने दिया। इसके बाद भवानी ने मौका मिलते ही काउंटर अटैक करना शुरू किया और अपने शानदार प्रदर्शन से 8-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में भी सी. ए. भवानी देवी ने सामने वाली खिलाड़ी को कुछ खास मौका नहीं दिया और बहुत ही करीने से मात्र 6 मिनट में मैच को 15-3 से जीत लिया और राउंड ऑफ 32 में एंट्री कर ली। यहां पर उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर 3 और वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट रह चुकीं मेनन ब्रूनेट से हुआ, जिसमें भवानी देवी को 7-15 से हार मिली। हालांकि पहला राउंड ऑफ जीतकर वर्ल्ड नंबर 42 पर काबिज भवानी देवी भारत की पहली तलवारबाज बन गईं हैं।[1]



**अंडर-23 एशियन चैम्पियन**

फेंसिंग की दुनिया में सी. ए. भवानी देवी का नाम नया नहीं है। यह अलग बात है कि यह नाम अब जाकर अपनी अधिक चमक बिखेर रहा है। फेंसिंग मैच में भवानी देवी कई मेडल अपने नाम कर चुकी हैं। शुरूआत उन्होंने साल 2009 के कॉमनवेल्थ गेम से की, जिसमें उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। फिर इंटरनैशन ओपन, कैडेट एशियन चैम्पियनशिप, अंडर-23 एशियन चैम्पियनशिप सहित कई टूनामेंट्स में मेडल्स अपने नाम किए। अंडर-23 एशियन चैम्पियनशिप जीतने वाली वह पहली भारतीय हैं।

# कनफटा योगियों

**कनफटा योगियों** का सम्बंध 'गोरख सम्प्रदाय' से है, क्योंकि इस सम्प्रदाय के लोग कान छिदवाकर उसमें मुद्रा या कुंडल धारण करते हैं, इसीलिए इन्हें 'कनफटा' कहा जाता है। कनफटा योगियों में विधवा स्त्रियाँ तथा योगियों की पत्नियाँ भी कुंडल धारण करती देखी जाती हैं।

**अनुयायी**

इन योगियों द्वारा धारण की जाने वाली मुद्रा अथवा कुंडल को 'दर्शन' और 'पवित्री' भी कहते हैं। इसी आधार पर कनफटा योगियों को 'दरसनी साधु' भी कहा जाता है। नाथयोगी संप्रदाय में ऐसे योगी, जो कान नहीं छिदवाते और कुंडल नहीं धारण करते, वे 'औघड़' कहलाते हैं। औघड़ योगी 'जालंधरनाथ' के और कनफटा योगी 'मत्स्येंद्रनाथ' तथा 'गोरखनाथ' के अनुयायी माने जाते हैं। क्योंकि प्रसिद्ध है कि जालंधरनाथ औघड़ थे और मत्स्येंद्रनाथ एवं गोरखनाथ कनफटा।

**कर्णकुंडल धारण की प्रथा**

कनफटा योगियों में विधवा स्त्रियाँ तथा योगियों की पत्नियाँ भी कुंडल धारण करती देखी जाती हैं। यह क्रिया प्रायः किसी शुभ दिन अथवा अधिकतर



'वसंत पंचमी' के दिन संपन्न की जाती है और इसमें मंत्रों का प्रयोग भी होता है। कान चिरवाकर मुद्रा धारण करने की प्रथा के प्रवर्तन के संबंध में दो मत मिलते हैं। एक मत के अनुसार इसका प्रवर्तन मत्स्येंद्रनाथ ने और दूसरे मत के अनुसार गोरक्षनाथ ने किया था। कर्णकुंडल धारण करने की प्रथा के आरंभ की खोज करते हुए विद्वानों ने एलोरा गुफा की मूर्ति, सालीसेटी, एलीफैंटा, अर्काट ज़िले के परशुरामेश्वर के शिवलिंग पर स्थापित मूर्ति आदि अनेक पुरातात्विक सामग्रियों की परीक्षा कर निष्कर्ष निकाला है कि मत्स्येंद्र और गोरक्ष के पूर्व भी कर्णकुंडल धारण करने की प्रथा थी और केवल शिव की ही मूर्तियों में यह बात पाई जाती है।

**मठ तथा तीर्थ स्थल**

यह माना जाता है कि गोरक्षनाथ ने (शंकराचार्य द्वारा संगठित शैव सन्न्यासियों से) अवशिष्ट शैवों का 12 पंथों में संगठन किया था, जिनमें गोरखनाथी प्रमुख हैं। इन्हें ही 'कनफटा' कहा जाता है। एक मत यह भी मिलता है कि गोरखनाथी लोग गोरक्षनाथ को संप्रदाय का प्रतिष्ठाता मानते हैं, जबकि कनफटा उन्हें पुनर्गठनकर्ता कहते हैं। इन लोगों के मठ, तीर्थस्थानादि बंगाल, सिक्किम, नेपाल, कश्मीर, पंजाब (पेशावर और लाहौर), सिंध, काठियावाड़, मुम्बई, राजस्थान, उड़ीसा आदि प्रदेशों में पाए जाते हैं।

# भारत की विविधता, बहुलता भारतीय लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति।

पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है की भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था। भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति के मामले में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपना कर किसी भी गुट में न रहते हुए स्वतंत्र विकास की नीति को अपनाया था। जो कालांतर में भारत की विदेश नीति का आधार स्तंभ रहा है। भारत में बहुआयामी विविधता भी रही है। स्वतंत्रता संग्राम में राजनेताओं ने जहां एक स्वर में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पक्ष लिया था वहीं दूसरी तरफ देश के कुछ हिस्सों में हिंदी विरोधी आंदोलन तक हुए हैं। भारत में संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा देते हुए कुल 22 भारतीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कर भाषाई सौहार्द्र और समन्वय का बखूबी परिचय भी दिया है। और भारत में भारतीय संस्कृति के बहुलतावादी चरित्र को बनाए रखने की भविष्य में भी निरंतर आवश्यकता बनी रहेगी। भारतीय समाज की विविधता पूर्ण सांस्कृतिक,साहित्यिक, दार्शनिक व्यवस्था के बीच विद्वानों ने चिंतन मनन कर किसके बीच का समाधान भी निकाला है एक का सबसे बड़ा उदाहरण भारत में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को महत्व देते हुए मिश्रित अर्थव्यवस्था का अंगीकार करना है। भारत की विजेताओं के विभिन्न नेताओं ने भारत देश के अंदरूनी मामले को लेकर देश की अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था तथा राजनीतिक व्यवस्था को काफी मजबूत तथा पुख्ता भी किया है। भारत की विविधता में एकता के सिद्धांत पर चलते हुए भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था राजनीतिक व्यवस्था तथा विदेशी नीति पर एक मजबूत आधार स्तंभ रखकर अपनी विश्व में एक अलग छवि तथा स्थान बनाया है। भारत में अनेक विविधताओं विषमताओं को विशेषता बनाकर समाधान अपने बीच ही खोज कर विश्व को एक कीर्तिमान बनाकर दिखाया है। आज भारत मैं इतनी बड़ी जनसंख्या और विभिन्न जातीय धर्म संस्कृति भाषाएं होने के बावजूद एकजुटता की नई मिसाल दिखाकर विश्व के किसी भी देश को टक्कर देने की स्थिति में है। भारत आज विकासशील देशों में अग्रणी देश माना जाता है। भारत की यही विविधता,विषमता ,साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल साइंस तथा सामरिक क्षेत्र में अद्भुत एकजुटता किसी भी देश के आक्रमण का सामना करने के लिए सीना तान कर खड़ा होने की शक्ति सामर्थ और ताकत भी प्रदान करता है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने जितनी प्रगति और वैश्विक स्तर पर विदेशी देशों का विश्वास अर्जित किया है वह निसंदेह भारत की प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक परंपरा के कारण ही है। भारत की विविधता में एकता भारत की एक बड़ी शक्ति है जिसे हमें निरंतर बनाए रखना होगा तब जाकर हम किसी भी देश के सामने सिर उठाकर खड़े हो सकते हैं।



संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

## राशि फल

### आज का वृषभ राशिफल करियर, सेहत, धन आदि को लेकर कैसा रहेगा, जानते हैं आज का राशिफल

**वृषभ राशि वालों को आज जॉब के मामले में कुछ बातों का ध्यान रखना होगा. सेहत और धन आदि के मामले में आज का दिन आपके लिए कैसा रहेगा**




**मेष राशि**

परेशानियों से मुक्ति मिलने के योग हैं. अचानक फायदा हो सकता है. कामकाज में मन लगेगा. सकारात्मक रहें. जो भी बात मन में आएगी, आप उसे तुरंत कहने की कोशिश करेंगे. कुछ भी कहने के पहले विचार जरूर कर लें. पैसों के मामलों को सुलझाने में आप सफल हो सकते हैं. घर के बारे में आपकी योजना भी कारगर साबित हो सकती है. रोजमर्रा के काम अटकेंगे नहीं. राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को फायदा हो सकता है.

**वृषभ राशि**

आप थोड़े चंचल रहेंगे. माता का सुख मिल सकता है. समय के साथ सब ठीक भी हो जाएगा. दोस्तों के साथ समय बीतेगा. रुके हुए काम पार्टनर की मदद से पूरे हो सकते हैं. आज आप जिसे अपनी भावनाएं बताना चाहते हैं, वह भी आपकी बातें समझ जाएगा. अपने मन की सुनें तो सब ठीक रहेगा. आपकी इनकम और खर्चा बराबर रहेगा.

**मिथुन राशि**

दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा. अचानक कोई खास काम आपको करना पड़ सकता है. आज ऐसे ही काम शुरू करें जो जल्दी पूरे हो जाएं. आज होने वाले ज्यादातर फैसले आपके ही फेवर में होने के योग हैं. परिवार की जरूरतों और कामकाज के लिए आपको काफी समय देना पड़ सकता है. अधिकारी भी आपसे खुश हो सकते हैं.

**कर्क राशि**

आप काफी उत्साहित हो सकते हैं. कई तरह की जिम्मेदारियों में आप व्यस्त हो सकते हैं. बिजनेस बढ़ाने की कोशिश करेंगे. कोई पुराना काम भी आज निपटा सकता है. मकान के नक्शे में किसी तरह के बदलाव का भी योग हैं. संतान से सहयोग मिल सकता है. विवाह प्रस्ताव भी मिल सकता है. नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोगों को इनकम के नए सोर्स मिल सकते हैं.

**सिंह राशि**

कार्यक्षेत्र में होने वाले बड़े काम का नतीजा सामने आ सकता है. नया प्रेम संबंध शुरू हो सकता है. आपके दिमाग में पैसों को लेकर कोई प्लानिंग चलेगी. प्रेमी और संतान को लेकर बहुत पजेसिव हो सकते हैं. किसी पुराने दोस्त से मिलने के योग बन रहे हैं. नई नौकरी की बात भी आपको पता चल सकती है. काम के सिलसिले में यात्रा होने की संभावना है.

**सिंह राशि**

कार्यक्षेत्र में होने वाले बड़े काम का नतीजा सामने आ सकता है. नया प्रेम संबंध शुरू हो सकता है. आपके दिमाग में पैसों को लेकर कोई प्लानिंग चलेगी. प्रेमी और संतान को लेकर बहुत पजेसिव हो सकते हैं. किसी पुराने दोस्त से मिलने के योग बन रहे हैं. नई नौकरी की बात भी आपको पता चल सकती है. काम के सिलसिले में यात्रा होने की संभावना है.

**तुला राशि**

आपका ध्यान परिवार और पैसे पर होगा. हर मौके का फायदा उठाने की कोशिश करें. आपके सारे काम आसानी से और समय पर निपट सकते हैं. आपको ऑफिस में कोई पुरस्कार या सम्मान मिल सकता है. कामकाज में व्यस्तता भी ज्यादा हो सकती है. चीजें धीरे-धीरे आपके फेवर में हो सकती हैं. धन लाभ के योग बन रहे हैं. माता-पिता, भाई-बहन आदि का सहयोग भी आपको मिल सकता है.

**वृश्चिक राशि**

अपने कामकाज पर ध्यान दें. बिना डिस्टर्ब हुए काम करने की क्षमता के कारण आप अपने काम में पूरी तरह सफल हो सकते हैं. आपको कामकाज के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है. बॉस से किसी खास मामले में बातचीत हो सकती है. विवाह प्रस्ताव भी मिलने के योग हैं. नए दोस्त बनेंगे. आपका मन प्रसन्न रहेगा. सभी से प्रेमवत व्यवहार रहेगा. आसपास और साथ के लोगों से सहयोग मिल सकता है.

**धनु राशि**

आपके लिए दिन अच्छा है. कोई नई जमीन या मकान खरीदने का विचार बन सकता है. निवास या काम करने की जगह में बदलाव का मूड भी बन सकता है. परिवार के लोग और प्रियजनों पर पैसा खर्चा करने का भी विचार आपके मन में आ सकता है. आज आप कामकाज में बहुत हद तक सफल हो सकते हैं. सोचे हुए काम पूरे कर लें तो आपके लिए अच्छा होगा. कोई ऐसे काम की योजना सामने आ सकती है जिससे आपकी प्रसिद्धि बढ़ सकती है. अटका हुआ पैसा मिलने के योग हैं.

**मकर राशि**

आपकी तकनीकी या भावनात्मक समस्याएं सुलझ सकती हैं. आपके मन में कई दिनों से चला आ रहा तनाव खत्म होने के योग हैं. आपको कई मामलों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ सकती हैं और उनकी चिंता भी करनी होगी. जो चीजें आपके लिए वास्तव में खास हैं, उनको लेकर आपको कोई समझौता करने की जरूरत नहीं है. आप अचानक कोई फैसला कर सकते हैं

**कुंभ राशि**


कोई खुशखबरी मिल सकती है. अधूरे और रुके हुए काम निपटाने के लिए दिन ठीक है. रोजमर्रा के कामकाज से फायदा हो सकता है. सामाजिक कामों में आपको सफलता मिल सकती है. खास लोगों से अच्छे संबंध बनेंगे. किसी सहकर्मी के साथ मिलकर किए गए काम में आप सफल रहेंगे. आपका ध्यान दोस्तों के साथ मिलने वाले कार्यक्रम पर हो सकता है.

**मीन राशि**

आगे बढ़ने के लिए आपको एक से ज्यादा मौके मिलने की संभावना है. पैसों के हर मामले पर आप बारीकी से विचार कर लें. सकारात्मकता रखें. कुछ खास काम आज पूरे हो सकते हैं. किसी नए व्यक्ति के प्रति आकर्षण महसूस हो सकता है. कॉन्फिडेंस के साथ रोजमर्रा के काम भी निपट सकते हैं. नए लोगों से मुलाकात और दोस्ती होगी. आपकी इनकम सामान्य हो सकती है.

## यम गीता (गीता भाग 150)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

आध्यात्मिकादिदुःखानां ,
आद्यान्तादि प्रतिक्रियो
श्रेयः परम् मनुष्याणां,
जनकोद्गीतमेव च`

आध्यात्मिक ,आधिदैविक व आधिभौतिक दुःखादि सब समय पर आते और चले जाते हैं इन परिस्थितियों से विचलित नहीं होना चाहिए` इन सभी दुःक्यों के प्रतिकार का भाव ही मनुष्य के लिए परम कल्याण का साधन है ,यह वीतराग महाराज जनक जी का मत है`

अभिन्नेवभेदकरः प्रत्ययो,
यः परात्मनः`
तत शान्ति परम श्रेयो,
ब्रह्मोद्गीतमुदाहृतम्`

जीवात्मा व परमात्मा दोनों अभिन्न हैं, इसमें जो भेद की। प्रतीति का भाव है इसके का निविरण परम कल्याणकारी है यह ब्रह्मा जी का वाक्य है`

कर्तव्यमिति यत्कर्म,
ऋग्यजुः सामसंज्ञितें
कुरु ते श्रेयसे संगान्
जैगीषव्येण गीयते`



जैगीषव्य का कहना है कि ऋग्वेद ,सामवेद। व यजुर्वेद। मे जिन कर्मों का निरूपण किया गया है उन सब को कर्तव्य समझ कर अनासक्त भाव से करना की परम कल्याण कारी है`

हानिः सर्वविधित्सानाम्
आत्मनः सुखहैतुकी`
श्रेयः परम मनुष्याणां
सनकोद्गीतमीरितम

सब प्रकार की कर्मारम्भ। की इच्छा का परित्याग आत्मा के सुख का प्रधान कारण है और यही त्याग भाव सम्पूर्ण मानव के कल्याण का परम मार्ग भी है

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## दिल्ली विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में,भाजपा के आठों विधायकों को मार्शल आउट कर दिया

(हरेश उपाध्याय)नयी दिल्लीः-आज दिल्ली विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र शुरू हुआ। सदन शुरू होते ही बीजेपी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया।बीजेपी विधायक अजय महावर और अभय वर्मा सीट पर खड़े होकर नारे लगाने लगे।आप विधायकों



ने खोखा-खोखा के नारे लगाए, जबकि इसके विरोध में विपक्ष ने धोखा-धोखा के नारे लगाएं।इसके बाद सदन की कार्रवाई को थोड़ी देर के लिए स्थगित कर दिया गया।सत्र शुरू होने से पहले दिल्ली विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी व उपनेता प्रतिपक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि विधानसभा का यह विशेष सत्र नियमों का उल्लंघन कर बुलाया गया है। विधानसभा सत्र को बुलाने से पहले 15 दिन का नोटिस देना अनिवार्य होता है,लेकिन बिना नोटिस दिए सत्र बुलाया गया है। इस सत्र को तुरंत प्रभाव से रद्द कर नोटिस देकर कम से कम 5 दिन के लिए मानसून सत्र बुलाना चाहिए। जिस पर राजधानी दिल्ली की हर एक समस्या के ऊपर चर्चा हो।दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया दोपहर12 बजे सत्र के पटल पर अपनी बात रखते कि आप विधायकों द्वारा विधानसभा की कार्यवाही को लाइव किए जाने को लेकर हंगामा किये जाने लगा। विधानसभा सत्र की अध्यक्षता कर रही राखी बिड़ला ने विपक्ष के सभी आठों विधायकों को मार्शल आउट कर दिया। इसके पीछे कहा गया है कि इन विधायकों ने 40 मिनट का समय बर्बाद कर दिया है।मार्शल आउट किए जाने से नाराज सभी विधायकों ने विधानसभा के बाहर प्रोटेस्ट किया। आप पार्टी का आरोप है कि बीजेपी केजरीवाल सरकार को गिराने के लिये आप विधायकों को लालच दे रही है। हाल ही में सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के आवास पर छापा भी इसलिए मरवाया।

## भूपेंद्र सिंह चौधरी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद पूरे प्रदेश में जश्न का माहौल


**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा भारतीय जनता पार्टी के सभी ज़िला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश भवन पहुँच कर नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दे रहें हैं। नोएडा ज़िला अध्यक्ष मनोज गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ उनको बधाई देने पहुँचे। साथ ही वो प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्र राज्य मंत्री संजीव बलियान, नोएडा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, सांसद सतीश गौतम से भी मिले।



ज़िले से प्रभारी बसंत त्यागी, महामंत्री उमेश त्यागी, गनेश जाटव, डिम्पल आनंद, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, मंत्री चमन अवाना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, ग्रामीण विकास मोर्चा अध्यक्ष लोकेश यादव, राजीव त्यागी, नरेश शर्मा, मनोज शर्मा, शिवंश श्रीवास्तव, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में इंडिया जीआई फेयर, खिलोना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर, मां शिशु और एसटीईएम कॉन्फेक्स का उपेंद्र प्रताप सिंह सचिव, कपड़ा मंत्रालय ने किया उद्घाटन

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 26 से 28 अगस्त 2022 तक समवर्ती रूप से आयोजित होने वाले इंडिया जीआई फेयर, खिलोना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर, मां शिशु और एसटीईएम कॉन्फेक्स के पहले संस्करण का उद्घाटन किया गया। उपेंद्र प्रसाद सिंह, आईएएस, सचिव, कपड़ा मंत्रालय; सुश्री शुभ्रा, व्यापार सलाहकार, कपड़ा मंत्रालय, भारत





सरकार; डॉ. रजनी कांत (पदम श्री सम्मान), कार्यकारी निदेशक, मानव कल्याण संगठन, वाराणसी राज के मल्होत्रा, अध्यक्ष, ईपीसीएच राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच और अध्यक्ष आईईएमएल अजय अग्रवाल, अध्यक्ष, द टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया आर के वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच; और ईपीसीएच से प्रशासन के सदस्यों की समिति शामिल हुई। मध्य पूर्व का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यक्रम और मेलों में विशेष मेहमानों भी शामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए, उपेंद्र प्रसाद सिंह, आईएएस, सचिव, कपड़ा मंत्रालय ने सभी मेलों में प्रदर्शक मिश्रण और प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा, ह्लज्यादातर लोग नहीं जानते कि भारत में 390 से अधिक जीआई उत्पाद हैं, जिनमें से 200 से अधिक हथकरघा और हस्तशिल्प हैं।

## शिक्षा मंत्री प्रो. चन्द्रशेखर जी का स्वागत अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ,भू.ना.मंडल विश्वविद्यालय,मधेपुरा द्वारा करने का लिया निर्णय

मधेपुरा ।

अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ,भू.ना.मंडल विश्वविद्यालय,मधेपुरा की बैठक बी.एन.एम.भी. महाविद्यालय,मधेपुरा में डॉ सतीश कुमार दास की अध्यक्षता में हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि माननीय शिक्षा मंत्री प्रो. चन्द्रशेखर जी का स्वागत संघ द्वारा मधेपुरा में किया जाएगा। सभी मित्र बंधुओं से अपील किया जाता है कि वे उनके स्वागत में अधिक से अधिक संख्या में मधेपुरा पहुंचे।

बैठक में महासचिव डॉ दीपक कुमार ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सिकंदर कुमार ,कोषाध्यक्ष डॉ रविशंकर कुमार,डॉ मनोज कुमार
डॉ राकेश कुमार, डॉ शहरयार अहमद , डॉ छोटेलाल,
डॉ कुमार ऋषभ ,डॉ अक्षय चौहान ,डॉ प्रभाकर
डॉ सुमंत कुमार, डॉ अरुण कुमार,साह डॉ संतोष कुमार साह, डॉ अंकेश, डॉ पंकज ,डॉ प्रशांत कुमार मनोज, डॉ संतोष कुमार सेठी आदि शामिल थे।

## नोएडा के ट्वीन टावर को बारूद से गिराने पर गर्भवती माताओं के बच्चे अंधे-बहरे पैदा होने का खतरा

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा सेक्टर 93 सुपरटेक ट्वीन टावर को बारूद से गिराने पर गर्भवती माताओं के बच्चे अंधे-बहरे पैदा होने का खतरा बन सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय के वकील ए पी सिह ने एक याचिका लगायी है। सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगाकर वकील ए पी सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय से गुहार लगायी की नोएडा के ट्वीन टावर बारूद से न गिराये। इससे गर्भवती माताओं के बच्चे अंधे-बहरे पैदा होने का बहुत बड़ा खतरा है। सर्वोच्च न्यायालय में पटाखें के खिलाफ लगायी गयी याचिका में पहले से ही पक्षकार पटाखों के समर्थक यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल और खटिक चर्मकार बाल्मिकी धर्मरक्षक सेना के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र के वकील ए पी सिंह ने याचिका में कहा है कि इसी 28 अगस्त को सुपर टेक के 2 टावर एपेक्स और सियान को नोएडा प्रशासन द्वारा 4 हजार किलो बारूद से उड़ाने की जबरदस्त तैयारी चल रही है। इससे धूल का एक बहुत बड़ा गुब्बार उठेगा। यह 4000 किलो बारूद लगभग 2 बीघा क्षेत्र में केवल 9 सेकंड में फटेगा। जबकि इतना बड़ा बारूद दीपावली पर 9 सेकेंड में पूरी दिल्ली में कभी नहीं फटता। संभावना है कि इससे उठने वाला धूल का गुबार हमारे छोटे-छोटे बच्चों के फेफड़ों को जाम कर देगा। इस बारूद के विस्फोट से अमोनिया और नाइट्रस आक्साइड जैसी विषैली गैसे रिहायशी इलाकों में फैलेगी। जिससे न केवल छोटे-छोटे बच्चों की आखों में जलन होगी बल्कि हमारी माताओं के गर्भाश्य में पल रहे बच्चों के आंखों से अंधा होने की पूरी संभावना है। यही नहीं इससे ध्वनि प्रदूषण भी मानक ध्वनि प्रदूषण से कई गुना ज्यादा होगा। जिससे ध्वनि प्रदूषण के प्रति गहन संवेदनशील बच्चों के कान के पर्दे फटने की पूरी संभावना है।

याचिका में कहा गया कि सुपर टेक के ट्वीन टावर बनाने में जिन लोगों ने धोखाधड़ी की है उसकी सजा उन लोगों को घरों से बेघर करके दी जा रही है, जिनका इस धोखाधड़ी से दूर-दूर का भी सम्बन्ध नहीं है। चातुर्मास में किये जा रहे इस विस्थापन से हिन्दुओं की धार्मिक भावनायें आहत हो रही है।

इतना ही नहीं कोरोना काल में आर्थिक रूप से हुए नुकसान को देखते हुए इस न्यायालय को यह भी देखना चाहिये कि गिराये जा रहे ट्वीन टावर की प्रत्येक सामग्री का फिर से इस्तेमाल हो। ट्वीन टावर में लगे दरवाजे, खिड़कियां, रेलिंग, पाइप आदि खुलने वाले सामान का उपयोग फिर से भवन सामग्री के रूप में किया जा सकता है। इन टावरों से ध्वस्त करने से जो इमारती लकड़ी टूटेगी, उसका उपयोग केवल जलाने में ही किया जायेगा। इतना ही नहीं जो हजारो टन लोहा और सरिया और ईंटे इन टावरों को ध्वस्त करने से कबाड़ा बनेगी। उसको पिघलाकर सरिया बनाने और नयी ईंटे बनाने में जो कोयला खर्च होगा उससे वातावरण में अनावश्यक रूप से प्रदूषण बढ़ेगा। इसके अलावा इनका मलवा सैकड़ो बीघा जमीन को बंजर बना देगा। याचिकाकर्ता हिन्दू संगठनों ने नये मुख्य न्यायधीश श्री उदय उमेश ललित से अनुरोध किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि इन टावरों को तोड़ने में ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण और जलीय प्रदूषण निर्धारित मात्रा के अंदर ही रहे। जोकि बारूद द्वारा किये जा रहे विस्फोट से बिल्कुल भी सम्भव नहीं है।

## श्रीराम कालोनी के सतीश कौशिक चौक व खजूरी थाने के पीछे पानी की पाइप लाइन बिछाई गई।

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-उत्तर पूर्वी दिल्ली की श्रीराम कालोनी के अंतर्गत सतीश कौशिक चौक और खजूरी खास थाने के पीछे शिव मंदिर के पास 450 एम एम की पीने के पानी की नयी पाइप लाइन बिछाई गई।इस पाइप लाइन का उद्घाटन भाजपा विधायक व उपनेता प्रतिपक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने नारियल फोड़कर किया। बिष्ट ने हमें बताया कि इस नयी पाइप लाइन बिछाने की लागत तकरीबन 48 लाख रुपए आयेगी।नयी पाइप लाइन बिछ जाने से पूरे सोनिया विहार क्षेत्र में पानी उचित प्रेशर पर आयेगा और क्षेत्रवासियों को पानी की आएं दिन आने वाली समस्याओं से निजात मिल



जाएगी व गंदे पानी की किल्लत भी दूर हो जाएगी।इस उद्घाटन अवसर पर भाजपा नेता डाक्टर अनिल गुप्ता, डाक्टर जे के शर्मा, श्रीमती कुसुम तिवारी,डा नीतीश कौशिक, लवलेश शर्मा, सरफराज अहमद, हरेंद्र ठाकुर, श्रीमती शशी शर्मा, श्रीमती शिव कुमारी शुक्ला, कपिल बड़ोंनी, विजय विष्ट सहित तमाम गणमान्य नागरिक व पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहें।

## भगवान कृष्ण का छठ पर्व मना एवं पत्रकारों व प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया

(हरेश उपाध्याय)गाजियाबादः-जनपद गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र मे राम पार्क एक्सटेंशन में भगवान श्री कृष्ण का छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर भारतीय सहारा राष्ट्रीय हिंदी समाचार पत्र दिल्ली एनसीआर के क्षेत्रीय कार्यालय पर द्वितीय पत्रकार व प्रशासनिक अधिकारी मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम आयोजक भारतीय सहारा दैनिक दिल्ली एनसीआर प्रभारी पत्रकार अंकित गोस्वामी ,पत्रकार संदीप गुप्ता एवम कार्यालय प्रभारी पंडित विजय शर्मा ने पुष्पमाला एवम शील्ड द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत किया। जिसमे मंच संचालन पत्रकार डीपी ओझा द्वारा किया गया। हमारे मुख्य अतिथि आल इंडिया क्राईम रिफार्म्स आगेर्नाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार प्रमोद



गर्ग,भारतीय सहारा देनिक के सम्पादक कृपा शंकर पांडेय एवम ट्रोनिका सिटी थाना प्रभारी अरविंद पाठक , राम पार्क एक्ट.चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।कार्यक्रम में सभी पत्रकार बंधुओं को सम्मानित भी किया गया।अंत में, सभी अतिथियों ने भोजन- भंडारे का आतिथ्य स्वीकार किया।

## श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश कानपुर की अध्यक्षता में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा सहायक श्रम आयुक्त गौतम बुद्ध नगर शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कार्यालय उप श्रम आयुक्त, गौतमबुद्धनगर में श्रम आयुक्त, उ०प्र०. कानपुर की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। उन्होंने बताया कि श्रम आयुक्त द्वारा श्रम कार्यालय के प्रत्येक पटल का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात श्रम आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि मा० मुख्य मंत्री के अपेक्षानुसार अगले पाँच वर्षों में उत्तर प्रदेश को बाल श्रम से शत-प्रतिशत अवमुक्त किया जाना है। इसी क्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक श्रम प्रवर्तन अधिकारी अपने अपने आवंटित क्षेत्र में बाल श्रम उनमूलन पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करें तथा चिन्हीत बाल श्रमिकों के पुनर्वासन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाना भी सुनिश्चित करें। श्रम आयुक्त द्वारा आई०जी०आर०एस० के प्रकरणों की गुणवत्तापूर्वक निस्पादित करने के भी निर्देश दिये। शासन के मंशा के अनुसार श्रम आयुक्त ने उपकर (सेस) की धनराशि को भी शतप्रतिशत जमा कराने, प्रतिष्ठान पंजीयन एवं पंजीकृत श्रमिकों को हितलाभ दिलाये जाने के भी निर्देश दिये गये। श्रम आयुक्त ने कार्यालय उप निदेशक कारखाना प्रभारी सहायक निदेशक कारखाना, गौतमबुद्धनगर के साथ उपस्थित अन्य अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा भी की तथा कारखाना प्रतिष्ठानों के शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित कराते हुए उन पर लागू विभिन्न श्रम अधिनियमों को कडाई से अनुपालन कराये जाने के भी निर्देश दिये गयें। कार्यालय में विभिन्न ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याऐं सुनी एवं ज्ञापन भी प्राप्त किया। अन्त में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापित करते बैठक विभागीय समीक्षा बैठक का समापन किया गया।

## ट्वीन टावर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई, नोएडा एक्सप्रेस वे रहेगा बंद, 28 अगस्त को दोपहर में 30 मिनट तक बंद होगा नोएडा एक्सप्रेस-वे

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा ध्वस्तीकरण वाले दिन 400 पुलिसकर्मी टावर के आसपास तैनात किए जाने की बात चल रही है। अंतिम समय में संख्या में बढ़ोतरी भी की जा सकती है। इससे पहले मौके पर 350 पुलिसकर्मियों के तैनात रहने की बात कही गई थी। मगर गुरुवार को बैठक के बाद पुलिसकर्मियों की तैनाती में बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा वशीकरण ध्वस्तीकरण वाले दिन डेढ़ सौ से दो सौ के बीच ट्रैफिक पुलिसकर्मी वहां तैनात रहेंगे। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों डायवर्जन पॉइंट पर तैनात किया जाएगा कुछ ट्रैफिक कर्मियों को टावर के आसपास भी तैनात किया जाएगा। एक्सप्रेस वे के आसपास ट्रैफिक कर्मी तैनात रहेंगे।

नोएडा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया ट्विन टावर को ध्वस्त करने वाली कंपनी ने उनसे दो दमकल की गाड़ियों की मांग की थी। लेकिन अब इसे बढ़ाया जाएगा चार दमकल गाड़ियां वहां मौजूद रहेंगी। इसके अलावा 1 दर्जन से अधिक दमकल कर्मी तैनात रहेंगे।

ब्लास्ट के दिन भारतीय व्यक्ति दबाएंगे ब्लास्ट बटन

ट्विन टावर के अंतिम ब्लास्ट के दिन एक भारतीय और एक अफ्रीकी मिलकर ब्लास्ट के लिए बटन दबाएंगे। एडिफिस इंजीनियर के चेतन दत्ता और जेट डिमोलिशन के निदेशक जो ब्रिक्मैथ्स पॉइंट पर होंगे और ब्लास्ट को अंजाम देंगे। बताया जाता है कि नियम के अनुसार भारत में किसी भी ब्लास्ट को अंजाम देने के लिए ब्लास्ट बटन भारतीय व्यक्ति ही दबा सकता है। इसके अलावा ब्लास्ट साइड से 100 मीटर के अंदर कुल 10 लोग होंगे जो अलग-अलग पॉइंट पर मौजूद रहेंगे। एनडीआरएफ की टीम भी आज सोसाइटी का जायजा लिया। टीम ने एमरॉल कोर्ट सोसाइटी के निवासियों के साथ बातचीत की. सोसाइटी में जहां ज्यादा समस्या हो सकती है उस स्थान को चिन्हित किया और निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान टीम ने ग्राउंड जीरो रिपोर्ट और ध्वस्तीकरण के दिन पूरी प्रक्रिया समझा।

वही 28 अगस्त को गिराए जाने वाले भवन ट्विन टावर के आसपास क्रैक गेज लगाए जा रहे हैं। इससे पता चलेगा कि कहां-कहां दरारें आई हैं। यह पहले से ही था या ब्लास्ट के बाद आई है। सीबीआरआई की टीम ने अध्ययन के लिए मोर्चा संभाल लिया है। अब टीम ब्लास्ट के बाद ही जाएगी। टीम की ओर यहाँ सेंसर, थर्मल, कैमरे आदि लगाए जा रहे हैं। आईआईटी चेन्नई की टीम के आने की सूचना है। बृहस्पतिवार को बैठक में आसपास की इमारतों की मजबूती को लेकर मंथन किया गया। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पानी के छिड़काव के अलावा मशीनों से सफाई कराई जाएगी। मीडिया के लिए सेक्टर 128 फ्लाईओवर व्यू प्वाइंट होगा।

ब्लास्ट के बाद आसपास की इमारतों का होगा सरंचना ऑडिट

ट्विन टावर को ढहाने के बाद आसपास की इमारतों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। ऐसे में ध्वस्तीकरण के बाद यहां लोगों का रहना सुरक्षित होगा या नहीं यह बड़ा सवाल है। जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर सुहास एल.वाई ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर ध्वस्तीकरण के बाद सभी इमारतों का संरचनात्मक ऑडिट कराने के लिए कहा है ताकि इमारतों को सुरक्षित होने का पता चल सके। प्राधिकरण की



सीईओ रितु माहेश्वरी ने इस पर अपनी सहमति दी है एवं एमरॉल कोर्ट और एटीएस विलेज के अति संवेदनशील क्षेत्र का संरचनात्मक ऑडिट होगा। सीईओ का कहना है कि टावर ढहाने के बाद यह पता चलेगा कि कहीं कोई नुकसान तो नहीं पहुंचा। इसके लिए पहले से ही वीडियोग्राफी कराई गई है। आरडब्ल्यूए की ओर से इस बाबत चिंता जाहिर की जा चुकी है।

ध्वस्तीकरण को लेकर नोएडा वासी चिंतित, धमाके और कंपन को लेकर हैं परेशान

आगामी 28 अगस्त को ट्विन टावर ढहाए जाने के का समय निश्चित हुआ है। इस बात को लेकर सेक्टर 93 ए के आसपास के सेक्टर गांव व सोसाइटियों के रहने वाले लोग काफी चिंतित हैं। यहां के सेक्टरों सोसाइटी और गांवों में रहने वाले लोगों को भय है कि कुतुब मीनार से ऊंची इमारत जोकि बम का रूप धारण कर चुकी है विस्फोट के समय कोई लापरवाही ना हो जाए और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले लोगों को नुकसान ना हो। ब्लास्ट के समय होने वाले धमाके और कंपन को लेकर भी लोग काफी चिंतित हैं। सेक्टर 93 से कई किलोमीटर दूर रहने वाले लोगों में भी ब्लास्ट को लेकर चिंता है वही काफी लोग ब्लास्ट के समय इतनी ऊंची इमारत के ध्वस्त होने की फोटो गुलाबी अपने कैमरे में कैद करने की लालसा लिए बैठे हैं जबकि कुछ लोग दोस्ती करें के गवाह बनना चाह रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि वे 28 अगस्त को अपनी छतों से उक्त बिल्डिंग को गिरते हुए देखना चाहते हैं लेकिन वहीं ज्यादातर लोग ध्वस्तीकरण के दिन होने वाले आवाज कंपन को लेकर चिंतित हैं। नोएडा के कई लोग घटना वाले दिन अपने बच्चे और परिवार सहित अपने रिश्तेदार तथा दूर दराज के क्षेत्रों में होटल में जाकर रहने की तैयारी कर रहे हैं।

## नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से भाजपाइयों में हर्ष की लहर

आगरा। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह को भाजपा उत्तर प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से भाजपाइयों में हर्ष की लहर देखी जा रही है तो वहीं आगरा सर्किट हाउस पहुंचे राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, महापौर नवीन जैन, एमएलसी विजय शिवहरे और विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने पर खुशी जाहिर की।



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल का कहना था कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने वास्तव में एक सच्चे कार्यकर्ता के रूप में भूपेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। उनकी कार्यकुशलता और सादगी सभी को प्रभावित करती है और वह हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता का ध्यान रखते हैं। महापौर नवीन जैन ने बताया कि भूपेंद्र सिंह एक कर्मठ और निष्ठावान नेता हैं। उन्होंने संगठन में भी कई पदों पर अपनी अमूल्य सेवाएं दी हैं। बागपत में जिला प्रभारी रहने के दौरान मुझे भी उनके साथ कार्य व सेवा करने का अनुभव मिला। उनके साथ रहकर जाना कि वह पार्टी और संगठन के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से काम करते हैं। शीर्ष नेतृत्व ने भूपेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर सही निर्णय लिया है। उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी।

### *चर्चित गौड़े बने आगरा विकास प्राधिकरण के नए उपाध्यक्ष*

आगरा।विकास प्राधिकरण को गुरुवार को नए उपाध्यक्ष के रूप में चर्चित गौड़ मिले। उन्होंने करीब बारह बजे अपनो कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की चल रही सभी योजनाए समयबद्ध एवं गुणवत्ता से पूर्ण हो यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा नई योजनाए समय से धरातल पर उतारी जाएंगी। वही नवागत बीसी ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कोटा के मूल निवासी चर्चित गौड़ भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के अधिकारी हैं। 2011 से 15 तक उन्होंने दिल्ली आईआईटी से केमीकल में इंजीनियरिंग की है। जिसके बादे 2016 में पहले प्रयास में ही ऑल इंडिया में 96वीं रैंक लाकर टॉपर बने। सिविल सेवा जॉइन करने के बाद पहली पोस्टिंग मणिपुर में एसडीएम के पद पर हुई । इसके बाद मणिपुर के मुख्य सचिव के स्टाफ ऑफिसर रहे। वर्तमान में वह फिरोजाबाद के मुख्य विकास अधिकारी के पद से स्थानांतरित होकर यहाँ आए हैं।



## विधानसभा के बाहर भाजपा ने आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के खिलाफ केजरीवाल व सिसोदिया का पुतला फूंका व प्रचंड प्रदर्शन किया

(हरेश उपाध्याय)दिल्लीःप्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता नेतृत्व में विधानसभा के बाहर आबकारी नीति में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रचंड विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में आदेश गुप्ता के साथ भाजपा सांसद शरमेश बिधूड़ी और प्रवेश साहिब सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और विधायक विजेंदर गुप्ता, पार्टी के असम सह-प्रभारी पवन शर्मा ने मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग करते हुए केजरीवाल और सिसोदिया का पुतला फूंका और केजरीवाल पर भाजपा द्वारा पूछे गए सवालों से बचने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो सवालों से बचता है,वह चोर होता है। विरोध प्रदर्शन में भाजपा नेताओं पर पानी के बौछारों से पुलिस द्वारा रैली को रोकने की कोशिश की गई।आदेश गुप्ता ने विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कहा कि



भ्रष्टाचार का दूसरा नाम अरविंद केजरीवाल है। हमारे संवाददाता नीरज अवस्थी को जानकारी देते हुए, गुप्ता ने बताया कि केजरीवाल देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। जिन्होंने अपने 8 सालों के कार्यकाल में सिर्फ भ्रष्टाचार ही किया है। आखिर किस विकास मॉडल की बात केजरीवाल करते रहते हैं। दिल्ली की गलियों में शराब के ठेके खोल देना, शराब माफियाओं के साथ मिलकर करोड़ो रुपए डकार जाना, शराब के ठेके खोले जाने पर महिलाओं द्वारा विरोध जताने पर बाऊंसर से पिटवाना और युवाओं को शराब की लत लगाकर दिल्ली के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना,किस विकास मॉडल का मापदंड है? उन्होंने कहा कि आज जब आबकारी नीति में हुए भ्रष्टाचार की पोल खुल चुकी है तो केजरीवाल ने चुप्पी साध रखी है। यह वही केजरीवाल हैं जो सिर्फ दिल्ली ही नही बल्कि देश भर के मुद्दों पर अपनी बातें रखते हैं लेकिन आज जब अपने ऊपर आरोप लगे हैं तो चुप्पी क्यों साध रखी है?विधानसभा के बाहर हुए आज के प्रचंड विरोध प्रदर्शन में मुख्य रुप से प्रदेश भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव बब्बर एवं सुनील यादव, प्रदेश मंत्री गौरव खारी, पूर्व महापौर श जय प्रकाश सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थें।

## प्रदेश स्तरीय सब जूनियर एथलेटिक्स बालक बालिका प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन करने के उद्देश्य से 27 अगस्त को होगा ट्रायल

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिलाधिकारी सुहास एलवाई के निर्देश के क्रम में उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मेरठ मंडल की टीम के लिए जनपद गौतम बुद्ध नगर की टीम का चयन करने के उद्देश्य से जिला एवं मंडल स्तरीय ट्रायल किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद की टीम का चयन करने के उद्देश्य से 27 अगस्त को सुबह 10:00 बजे से मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम गौतम बुद्ध नगर में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर एथलेटिक्स बालक बालिका प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा एवं मंडल स्तरीय चयन के लिए 31 अगस्त सुबह 10:00 बजे से कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम मेरठ तथा प्रदेश स्तर के लिए टीम का चयन करने के बीए 3 से 4 सितंबर 2022 तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर क्रीडा संकुल लालपुर वाराणसी उत्तर प्रदेश में ट्रायल होगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को अपने जन्म तिथि प्रमाण पत्र की प्रति के साथ छाया प्रति संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रमाणित साथ में लाना अनिवार्य होगा, जिस पर सत्यापित जन्मतिथि, अंकों व शब्दों में स्पष्ट रूप से लिखी हो। उक्त पात्रता व आयु प्रमाण पत्र साथ में न लाने की दशा में टीम को प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताइए सब जूनियर एथलेटिक्स 16 वर्ष बालक बालिका के लिए आयु दिनांक जन्म 30 अप्रैल 2005 से 29 अप्रैल 2009 के मध्य होनी चाहिए।

## छात्र राजद कार्यकताओं ने बीपी मंडल की जयंती पर बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

### *आरक्षण के परिधि में आने वाले पिछड़ों को शैक्षणिक व सरकारी सेवा में आपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा*

मधेपुरा । छात्र राजद बीएनएमयू लालू नगर मधेपुरा के कार्यकताओं ने बीपी मंडल की जयंती पर बस स्टैंड स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। वही कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे बीएनएमयू लालू नगर मधेपुरा के विश्वविद्यालय अध्यक्ष अजय राज उर्फ किशोर यादव ने कहा बीपी मंडल ने संघर्ष कर ओबीसी समाज के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी उन्होंने पूरा जीवन पिछड़ा समाज के उत्थान में लगा दिया साथ ही उन्होंने पिछड़ा समाज के लिए जो काम किया उसको आज की भाजपा की मोदी सरकार मिटाने की काम में लगी हुई है आरक्षण को समाप्त करने पे तुली है संविधान को ताप पे रखकर मनमानी कर रही है

# अभिभावक शिक्षक बैठक/संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अभिभावक/शिक्षक की बैठक (प्रधानाध्यापक) विश्वनाथ मौर्य की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न**



दैनिक समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

रमियाबेहड़-- प्राथमिक विद्यालय जटपुरवा द्वितीय विकास क्षेत्र रमियाबेहड़ में अभिभावक/शिक्षक के साथ बैठकर एक बैठक की गई जिसमें जिसका संचालन समिति के सचिव और विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वनाथ मौर्य ने किया बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर शुरू हुई प्रधानाचार्य ने बताया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता मे निपुण भारत मिशन के तहद भारत लक्ष्य को प्राप्त करना जिसके लिए अभिभावकों एवं शिक्षको का सामंजस्य बहुत जरूरी है। सरकार हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके प्रति बद्ध है यह तभी संभव है जब हम शिक्षकों को सामुदाय का सहयोग मिलेगा अभिभावकों के खाते मे यूनीफार्म,जूता,मोजा,स्वीटर एवं स्टेशनरी के लिए धनराशि प्रेषित करती है जिससे अभिभावक अपने बच्चों के लिए उपरोक्त सामग्री दिला सके जैसे दो जोड़ी ड्रेस,एक जोड़ी जूता मोजा, एक बैग,एक स्वेटर,और कांपी कलम, खरीदता है इसके लिए भी समिति के सदस्यों से अभिभावकों को जागरूक करने की अमीर की गई है बैठक में प्रधानाचार्य विश्वनाथ मौर्य ने बताया की बेहतर शिक्षा व्यवस्था बनाने के लिए अभिभावकों को जागरूक होना पड़ेगा की अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय पढ़ने भेजे और बच्चों से विद्यालय में होने वाली गतिविधियों एवं दिये गये गृह कार्य देखें और उसे पूर्ण भी कराये इस बैठक में उपासना यादव,शिक्षक अनिल शुक्ला, अशर्फी लाल, आदि एवं जगजीवन लाल, दिनेश कुमार, मीरा चौधरी,दीपक कुमार, रमेश कुमार,रेनू देवी,वसीम, रामनिवास,दीपू, रेशमा बानोइनायत अली आदि अनेक अभिभावक और सम्भ्रांत व्यक्ति इस बैठक में उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल से कच्ची शराब लेकर आ रहे दो युवकों में हुई जोरदार टक्कर

**बनवीरपुर तिकुनिया मार्ग पर पूर्व प्रधान राजकुमार विश्वकर्मा को जोरदार मारी टक्कर**

दैनिक समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी तिकुनियां खीरी ---मोटरसाईकिल से लेकर जा रहा कच्ची शराब से भरी हुई बोरी मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार से आ रहे दो युवकों ने बनवीरपुर निवासी राजकुमार विश्वकर्मा व युसुफ अली को जोरदार टक्कर मार दी जिससे पूर्व प्रधान राजकुमार विश्वकर्मा के पैर की हड्डी टूट गई और युसुफ अली को भी चोटें आईं। और दूसरी बाईक पर सवार युवकों के पास निकली भारी मात्रा में कच्ची शराब। जहां पर मौके पर पहुंची तिकुनिया पुलिस ने दोनों युवकों को कच्ची शराब से भरी बोली व प्लेटिना मोटरसाइकिल अपने कब्जे में लिया । वहीं देखा जाए तों तिकुनिया नेपाल बार्डर पर खाद की तस्करी भारी मात्रा में होती है जिससे



अक्सर ये एक्सीडेंट होते रहते हैं । वहीं यह तस्कर अपनी मोटरसाइकिल पर 5 से 6 खाद की बोरी लेकर भरी स्पीड से चलते उसी प्रकार कच्ची दारु वाले भी भारी स्पीड से चलते हैं जिससे आये दिन कोई न कोई एक्सीडेंट होते रहते हैं। आखिर क्यों मेहरबान है यहां पर बैठी तमाम एजेंसियां जो आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। किसी दिन हों सकता है बड़ा हादसा होने के सम्भावना है ।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से क्षय रोगी खोजने का अभियान शुरू

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण



रतसर (बलिया) : देश को वर्ष 2025 तक क्षय (टीबी) रोग मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में 23 अगस्त से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय रोगियों को चिन्हित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान गड़वार ब्लाक के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को टीम के जरिए टीबी रोगी खोजे जाएंगे। सीएचसी अधीक्षक डा० राकिफ अख्तर ने बताया कि इन सेंटर्स पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) क्षय रोगियों के चिन्हीकरण, जांच, इलाज निक्षय पोषण योजना के तहत लाभ दिलाने में सहयोग देंगे। क्षय रोग के संभावित लक्षण वाले व्यक्तिओं को चिन्हित कर उनके बलगम के नमूने एकत्रित करेंगी। इसके बाद सीएचओ संकलित नमूने को नजदीकी जांच केन्द्र में भेजेंगे। जांच में रिपोर्ट पाजिटिव आने पर मरीज का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण कर इलाज शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया जो क्षेत्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के कार्यक्षेत्र से बाहर है उक्त क्षेत्र में क्षय रोगियों के घर पर आशा कार्यकर्ता द्वारा भ्रमण कर उन्हें नियमित दवाओं का सेवन करने,छह माह तक लगातार इलाज करने एवं दवा के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में परामर्श देगीं। क्षय रोग विभाग के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अमित कुमार ने बताया कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर से दुस्स्थ क्षेत्र और ऐसे जहां विगत दो सालों में अधिक क्षय रोगी या कोविड रोगी चिन्हित हुए हो। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के क्षेत्र में स्थित विद्यालय में क्षय रोग पर गोष्ठी या पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

# विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन चिलकहर का सम्मेलन, चुनाव

*-सदस्यों ने ने अनिल सिंह को ब्लाक अध्यक्ष व संजय वर्मा को मंत्री चुना*

**संगठनात्मक चुनाव**

श्रीश कुमार पांडेय "संतोष", दैनिक समाज जागरण



चिलकहर (बलिया) : विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के चिलकहर इकाई का चुनाव व अधिवेशन चिलकहर के प्राथमिक विद्यालय कुकरहां पर सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में उपस्थित शिक्षकों ने सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर अनिल कुमार सिंह व मंत्री के पद पर संजय कुमार वर्मा का निर्विरोध चुनाव किया ।

इसके पूर्व अधिवेशन का उदघाटन प्रदेश संगठन मंत्री पवन राय व जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम चौबे ने माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उदघाटन सम्बोधन में जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम चौबे ने कहा कि हर शिक्षक समस्या के समाधान के लिये हम संकल्पित हैं । प्रदेश संगठन मंत्री ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए शिक्षक हितों के लिए संगठन के संकल्प व प्रतिबद्धता दुहराते हुये कहा कि शिक्षक साथियों की किसी भी समस्या को संगठन स्वयं की चुनौती मानकर उसका निदान करेगा। किसी भी परिस्थिति में शिक्षक साथियों का अहित अथवा शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

अधिवेशन के दूसरे सत्र में उपस्थित शिक्षकों ने सर्वसम्मति से ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव किया । ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार सिंह व मंत्री पद पर संजय कुमार वर्मा का निर्विरोध चुनाव हुआ । वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण यादव, उपाध्यक्ष विवेक कुमार विसेन, बिन्दु देवी और राधेश्याम गुप्ता हुए । संगठन मंत्री के पद पर प्रदीप सिंह, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी व सुग्रीव यादव, संयुक्त मंत्री के पद पर धीरेंद्र भारती, अरविन्द सिंह और मुहम्मद शिवली, कोषाध्यक्ष के पद पर गोपाल जी यादव, मीडिया प्रभारी अम्बरीष गौतम एवं सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर हर्षित पांडेय का निर्वाचन हुआ। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जनपद इकाई द्वारा नामित चुनाव अधिकारी अरविन्द श्रीराश्मि व नित्यानन्द पांडेय ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। अधिवेशन में मुख्य रूप से जिला मंत्री धीरज राय, अवनीश सिंह, अरुण सिंह, रमाकांत यादव, प्रेम कुमार, इंद्रजीत मेहता, अच्युतानंद पांडेय, जितेन्द्र सिंह, अजित सिंह, धनंजय सिंह, उदय नारायण सिंह व सुरेश सिंह आदि उपस्थित रहे । अध्यक्षता उदयनारायण सिंह व संचालन अवनीश कुमार सिंह ने किया ।

## विद्युत स्पर्शाघात से युवक की घायल

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : .थाना क्षेत्र के मिस्त्र के मठिया निवासी रजनीश यादव (25) करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रुप से घायल हो गयी। घटना शुक्रवार शाम की है।

जानकारी के अनुसार रजनीश यादव 25 वर्ष पुत्र गिरधारी यादव अपने घर में लगे बिजली बोर्ड को ठीक कर रहा था। इसी क्रम में उसका हाथ एक नंगे तार के संपर्क में आ गया। करंट का तेज झटका लगने से रजनीश की हालत खराब हो गई जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई प्राथमिक विद्यालय एवं गांव में घुसा पानी

**-प्रति घंटा दो सेमी की रफ्तार से जिले में बढ़ रही गंगा, पीछे और भी तेज**

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : गंगा नदी के जलस्त में बढ़ाव जारी है। बलिया में नदी का जलस्तर प्रति घंटे दो सेमी की रफ्तार से ऊपर चढ़ रहा है, जबकि गाजीपुर व वाराणासी



तीन-तीन तथा प्रयागराज में पांच सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ोत्तरी हो रही है। गंगा नदी के जलस्तर में चौथी बार बढ़ाव होने से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के लोगों की चिन्ता काफी बढ़ गई है। कई स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया है।

शुक्रवार की सुबह आठ बजे केन्द्रीय जल आयोग गायघाट गेज पर गंगा का जलस्तर 58.870 मीटर रिकार्ड किया गया। गायघाट में खतरा बिन्दु 57.615 मीटर व मीडियम फ्लड 58.615 मीटर है। यहां 2016 में सर्वाधिक जलस्तर 60.390 मीटर रिकार्ड किया गया था। 2021 में नदी 60.250 मीटर तक पहुंची थी। नदी में बढ़ाव से रामगढ़ से लेकर लालगंज तथा नौरंगा के लोगों की बेचैनी बढ़ गई है। वहीं दुबेछपरा, गोपालपुर व उदयीछपरा गांव में बाढ़ का पानी तेजी से गांव में फैल रहा है। यशोदा देवी बालिका विद्यालय दुबेछपरा, शिक्षा क्षेत्र बैरिया के प्राथवि गोपालपुर व प्राथवि उदईछ्परा (एक ही परिसर), प्रावि सुघरछ्परा, प्रावि गंगौली, प्रावि श्रीनगर केहरपुर, उप्रावि सुघरछ्परा (एक ही परिसर), शिक्षा क्षेत्र बेलहरी के प्रावि पोखरा के परिसर में बाढ़ का पानी घुस गया है। उधर, अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबेछपरा के पीछे पानी भरना शुरू हो गया है।

## -संगोष्ठी शहीद मंगल पांडेय महिला महाविद्यालय में मना विश्व महिला समानता दिवस

*आयोजन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने पर वक्ताओं ने दिया जोर*

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण



बलिया : शहीद मंगल पाण्डेय महिला महाविद्यालय नगवां में विश्व महिला समानता दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

संगोष्ठी में महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष ममता पाठक, इनरव्हील क्लब के उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नीलिमा सिंह, एवं इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता गुप्ता ने छात्राओं के बीच आत्मनिर्भर, बनने पर जोर दिया। बताया कि शिक्षा के साथ हाथ में हुनर होगा तभी व्यक्ति का विकास देश का विकास होगा। वक्ताओं ने रचनाशीलता एवं सृजनशीलता पर विशेष जोर दिया। विद्यालय के छात्राओं एवं अध्यापकों द्वारा मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं आते सभी वक्ताओं को भृगु बाबा का फोटो स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा शिवेंद्र नाथ दूबे , डा रजनी तिवारी, डा चण्डी प्रसाद पाण्डेय, डा विवेक सिंह, डा हसीन अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# मंत्री ने दिया गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली, शिशुओं का किया आन्नप्राशन

श्रीश कुमार पांडेय "संतोष"



चिलकहर (बलिया) : विकासखंड चिलकहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरगुजपुर में शुक्रवार को पोषण पखवारा का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कैबिनेट मंत्री दयाशंकर मिश्र "दयालु" रहे। मंत्री ने कहा कि सरकार की हर योजना को जनता तक पहुंचाना हमारी पहली प्रथमिकता है। अधिकारियों को भी अपने सम्बोधन में कहा कि आप लोग भी लग्नशिलता से सरकार की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का कार्य कीजिए। इस कार्य में कोई भी शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। अंत मे मंत्री द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली एवं 6 वर्ष से ऊपर के बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी केएन पांडेय मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के आयोजक बाल विकास पुष्टाहार अधिकारी चिलकहर सुरेंद्र सिंह यादव एवं समस्त व्लाक की सुरवाइजर मौजूद रहीं।

**-रखी आधा दर्जन मांग**

## बाढ़ की आशंका को देख पीड़ितों की व्यवस्था के लिए सांसद ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**-बलिया और गाजीपुर में लोकसभा होने के नाते दोनों जिलों की गुहार**

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण



बलिया : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे बलिया संसदीय क्षेत्र के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को बाढ़ की आशंका देखते हुए पत्र लिखा है। पत्र में बलिया और गाजीपुर के बाढ़पीड़ितों की सुरक्षा और बचाव के लिए मांग की है।

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने अपने पत्र में लिखा है कि बलिया और गाजीपुर दोनों जिलों का हिस्सा हमारी लोकसभा क्षेत्र में आता है। बाढ़ की आशंका बनी हुई है ऐसे में बाढ़पीड़ितों को बचाना बहुत आवश्यक है। कहा बाढ़ से प्रभावित लोगों के रहने की व्यवस्था, बाढ़ राहत कैंप। बाढ़ प्रभावित लोगों के खाने की व्यवस्था। बाढ़ग्रस्त इलाकों में स्वास्थ्य चौकियां। बाढ़ग्रस्त इलाके में पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था। लोगों की सुरक्षा के लिए बिजली के अतिरिक्त माध्यम जेनरेटर आदि की व्यवस्था और हेल्प के लिए हेल्प डेस्क बनाना आवश्यक है।

## मंत्री द्वय ने सुनी जनसमस्या, योजनाओं का किया स्थलीय सत्यापन

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र "दयालु" व राज्यमंत्री सुरेश राही ने शुक्रवार को शहर के काजीपुरा में जनसमस्याएं सुनी। चिलकहर ब्लॉक के गुरगुजपुर में जनचौपाल में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया। बछईपुर वृहद गौशाला का भी निरीक्षण किया और व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

काजीपुरा में मंत्री दयाशंकर मिश्र के सामने जलभराव की समस्या प्रमुख रूप से आई, जिस पर अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। आम जनता की ओर से मिली शिकायत का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री श्री दयालु गुरगुजपुर पहुंचे और वहां जन चौपाल में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत कर जमीनी सच्चाई जानी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि मोदी व योगी सरकार की मंशानुरूप गांव-गांव में हर योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

कंपोस्ट खाद बनाने पर दिया विशेष जोर



आयुष मंत्री श्री दयालु ने बछईपुर में वृहद गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कंपोस्ट खाद बनाने के बाबत जानकारी ली। निर्देश दिया कि यहां से निकलने वाले गोबर से खाद बनाई जाए, ताकि खेतों की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में उसका सदुपयोग किया जा सके। इस दौरान सीडीओ प्रवीण वर्मा व अन्य सम्बंधित अधिकारी थे।

# गड़वार पुलिस ने किया वारंटी को गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण गड़वार (बलिया) : थाना पुलिस को कुरेजी गांव से एक वारंटी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। शुक्रवार को एसआई विन्देश्वरी पांडेय ने घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया।




एसआई हमराही के साथ संदिग्धों की तलाशी कर रहे थे कि उन्हें सूचना मिली कि फरार चल रहा वारंटी रामाकांत राम अपने गांव कुरेजी स्थित घर पर है। इस सूचना पर कुरेजी गांव निवासी वांछित अभियुक्त रामाकांत पुत्र रामनरेश के घर पर दबिश देकर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर धारा 323 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज है। न्यायलय के वारंट के बाद भी हाजिर नहीं हो रहा था। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के सिपुर्द कर दिया।

## ब्रह्मलीन महंथ स्वामी आनंद गिरि की 12वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

आशु खरवार, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : रसड़ा के सिद्ध संत श्रीनाथ बाबा मठ के ब्रह्मलीन महंथ स्वामी आनंद गिरि जी महाराज की 12वीं पुण्यतिथि गुरुवार को बैजलपुर



गांव स्थित शिव मंदिर पर श्रद्धांजलि व भव्य भंडारे के साथ श्रद्धा पूर्वक मनायी गयी।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक ब्रह्मलीन महंथ आनंद गिरि जी के शिष्य आचार्य महंथ स्वामी नित्यानंद गिरि जी महाराज ने अपने गुरु के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा आराधना के बाद अपने संदेश में कहा कि गुरु हमेशा समाज के लोगों में भलाई व विकट परिस्थितियों में नयी राह पाने के लिए सद ऊर्जा का संचार करता रहता है। संतो और गुरु के चरणों मे स्वर्ग,मोक्ष और सर्वगुणों का वास होता है। जिनका सानिध्य पाकर ही मानव अपने जीवन को धन्य व सार्थक बना सकता है। ब्रह्मलीन महंथ जी भी ऐसे ही गुरु परंपरा के धनी थे। उन्होंने गुरु श्री की समाधि बनाने के संकल्प को शिष्यों के सहयोग से शीघ्र पूर्ण करने और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने की बात कही। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा व भंडारे में गुरुजी के शिष्य श्यामबली सिंह, पिंटू सिंह पोस्टमास्टर,जगदीश सिंह, सुरेश सिंह, तेजनारायण सिंह, पारस सिंह, मुन्ना गुप्ता, उदयनारायण सिंह, रामाशीष, रामधारी यादव,सत्येंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, गुड्डू सिंह, नरेंद्र लाल श्रीवास्तव, राजेश सिंह,हरेराम सिंह, रामानुज सिंह शिव जी सिंह, अनिल तिवारी, श्यामबली के साथ लौहाडीह, दतौली, सरदासपुर, अठीला, मुंडेरा, नीबू, रसड़ा, सहतवार आदि स्थानों से आये शिष्यों व श्रीनाथ भक्तों ने भाग लिया। अंत में प्रभाकर सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बजरंग पीजी कालेज के छात्रनेताओं ने सीट बढ़ोतरी के लिए प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकन्दरपुर )बलिया) : श्री बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय दादर आश्रम सिकन्दरपुर के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अतुलेश यादव की अध्यक्षता में छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को महाविद्यालय में छात्रों की संख्या को देखते हुए नामांकन सीटों की बढ़ोतरी करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

**इससे पूर्व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की बैठक विद्यालय के छात्र भवन में संपन्न हुई।**

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अतुलेश यादव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय में छात्रों की संख्या अधिक हो गई है क्योंकि ग्रामीण अंचल का य ह महाविद्यालय है ग्रामीण लोग यहां पर निवास करते हैं,और इनकी संख्या यहां पर ज्यादा है इस वजह से महाविद्यालय के छात्रों की संख्या को देखते हुए सीट वृद्धि करना अति आवश्यक है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य डॉ.उदय पासवान से मिलकर छात्रों की समस्या से अवगत कराया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.उदय पासवान ने छात्र नेताओं एवं छात्रों को भरोसा दिलाया कि सीट में बढ़ोतरी की जाएगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी से बात की जाएगी संस्तुति मिलने के बाद तुरंत आप लोगों को अवगत करा दिया जाएगा। इस दौरान छात्र नेता अश्वनी कुमार वर्मा, साहिल यादव ,दीपक शर्मा,फिरोज अंसारी,प्रियंका यादव, प्रीति, सरस्वती, श्वेता ,अंजलि सहित दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



## प्रभारी निरीक्षक ने माल्दह चट्टी पर अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय तहसील क्षेत्र के माल्दह चट्टी पर स्थित बेल्थरा सिकन्दरपुर मुख्य सड़क पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रभारी निरीक्षक योगेश यादव द्वारा सड़क से हटवाया गया।



वहीं प्रभारी निरीक्षक द्वारा सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि मुख्य सड़क की पटरी छोड़ कर ठेला खुमचा लगाना है। आज के बाद अगर किसी भी दुकानदार द्वारा रोड पर अतिक्रमण किया गया तो जन हित में उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने के लिए हम बाध्य होंगे। हम नही चाहते की किसी गरीब के पेट पर लात पड़े। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि आप लोग दुबारा सड़क पर अतिक्रमण नहीं करेंगे। वहीं पुलिस की गाड़ी को देखकर अतिक्रमण कारियों में अफरा तफरी मच गयी। दुपहिया वाहन चालक भी वहां से भागते नजर आए। वाहन स्वामियों को लगा की गाड़ी की चेकिन हो रही है। इस दौरान चौकी प्रभारी मालदह अखिलेश नारायण सिंह,कांस्टेबल वकील सिंह,विजय कुमार यादव,विनय चौधरी, हरिकेश यादव सहित दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता के घर चोरी की घटना को लेकर साथियों ने जताया आक्रोश, एसडीएम व सीओ को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण अरुण शुक्ल**

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के मेढ़ावां गांव मे दुस्साहसिक चोरों ने अधिवक्ता के घर बीती बुधवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने अधिवक्ता के घर से लाखों के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गुरूवार को साथी के घर चोरी की वारदात की जानकारी होने पर यहां वकीलों मे आक्रोश पनप उठा। अधिवक्ताओं ने एसडीएम तथा सीओ को अलग अलग ज्ञापन सौंपकर घटना के खुलासे की मांग उठाई है। मेढ़ावां निवासी अधिवक्ता सतेश सिंह संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। बीती बुधवार की रात अधिवक्ता घर के एक कमरे मे परिवार के साथ सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर मकान के पिछले हिस्से से छत के सहारे एक कमरे में दाखिल हो गये। बदमाशों ने कमरे में ऑलमारी का लॉक तोडकर अधिवक्ता की पत्नी के सोने चांदी के कीमती जेवरात तथा पन्द्रह हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं बदमाश कमरे मे रखा बाक्स छत पर उठा ले गये और उसका भी लाक तोडकर कीमती कपडे आदि उठा ले गये। सुबह परिवार के सदस्य जगे तो चोरी का माजरा देखकर आवाक रह गये। पीडित अधिवक्ता ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर गुरूवार को दी। साथी के घर चोरी की वारदात की जानकारी होने पर वकीलों मे भी आक्रोश पनप उठा।



संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा महामंत्री शेषनाथ तिवारी की अगुवाई में वकीलों ने एसडीएम सौम्य मिश्र तथा सीओ रामसूरत सोनकर से अलग अलग मिलकर कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इधर तीन दिन पहले चकौड़िया गांव में रिटायर्ड शिक्षक रामफेर पाण्डेय के घर समेत स्कूल व अंचल के कई गांवों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। ज्ञापन में संघ के पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल के घर चोरी की वारदात के अब तक खुलासा न होने पर पुलिस की भूमिका पर सवालिया निशान उठाया गया है। ज्ञापन मे कहा गया है कि इन घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त हो गया है। सीओ रामसूरत सोनकर ने लालगंज के प्रभारी कोतवाल को तलब कर घटना की एफआईआर दर्ज करने तथा त्वरित खुलासे के कडे निर्देश दिये। सीओ व एसडीएम ने अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर उनका गुस्सा शांत कराया। ज्ञापनदाताओं में पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, राममोहन सिंह, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, अमरनाथ यादव, घनश्याम मिश्र, प्रदीप सिंह, धीरेन्द्र शुक्ल, कमलेश सिंह, अभय सिंह, अनिल सिंह, राम अंजोर तिवारी आदि अधिवक्ता रहे। वहीं अधिवक्ता के घर चोरी की वारदात को लेकर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


## अधिवक्ता के घर चोरी की घटना को लेकर साथियों ने जताया आक्रोश, एसडीएम व सीओ को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण अरुण शुक्ल**

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के मेढ़ावां गांव मे दुस्साहसिक चोरों ने अधिवक्ता के घर बीती बुधवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने अधिवक्ता के घर से लाखों के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गुरूवार को साथी के घर चोरी की वारदात की जानकारी होने पर यहां वकीलों मे आक्रोश पनप उठा। अधिवक्ताओं ने एसडीएम तथा सीओ को अलग अलग ज्ञापन सौंपकर घटना के खुलासे की मांग उठाई है। मेढ़ावां निवासी अधिवक्ता सतेश सिंह संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। बीती बुधवार की रात अधिवक्ता घर के एक कमरे मे परिवार के साथ सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर मकान के पिछले हिस्से से छत के सहारे एक कमरे में दाखिल हो गये। बदमाशों ने कमरे में ऑलमारी का लॉक तोडकर अधिवक्ता की पत्नी के सोने चांदी के कीमती जेवरात तथा पन्द्रह हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं बदमाश कमरे मे रखा बाक्स छत पर उठा ले गये और उसका भी लाक तोडकर कीमती कपडे आदि उठा ले गये। सुबह परिवार के सदस्य जगे तो चोरी का माजरा देखकर आवाक रह गये। पीडित अधिवक्ता ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर गुरूवार को दी। साथी के घर चोरी की वारदात की जानकारी होने पर वकीलों मे भी आक्रोश पनप उठा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा महामंत्री शेषनाथ तिवारी की अगुवाई में वकीलों ने एसडीएम सौम्य मिश्र तथा सीओ रामसूरत सोनकर से अलग अलग मिलकर कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इधर तीन दिन पहले चकौड़िया गांव में रिटायर्ड शिक्षक रामफेर पाण्डेय के घर समेत स्कूल व अंचल के कई गांवों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। ज्ञापन में संघ के पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल के घर चोरी की वारदात के अब तक खुलासा न होने पर पुलिस की भूमिका पर सवालिया निशान उठाया गया है। ज्ञापन मे कहा गया है कि इन घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त हो गया है। सीओ रामसूरत सोनकर ने लालगंज के प्रभारी कोतवाल को तलब कर घटना की एफआईआर दर्ज करने तथा त्वरित खुलासे के कडे निर्देश दिये। सीओ व एसडीएम ने अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर उनका गुस्सा शांत कराया। ज्ञापनदाताओं में पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, राममोहन सिंह, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, अमरनाथ यादव, घनश्याम मिश्र, प्रदीप सिंह, धीरेन्द्र शुक्ल, कमलेश सिंह, अभय सिंह, अनिल सिंह, राम अंजोर तिवारी आदि अधिवक्ता रहे। वहीं अधिवक्ता के घर चोरी की वारदात को लेकर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


## चक्रवाती तूफान से प्रभावित लोगों को आपदा राहत से आर्थिक सहायता शीघ्र मुहैया करायी जायेगी-डीएम

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी व्युरोचीफ**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने तहसील रानीगंज अन्तर्गत दिनांक 20 अगस्त 2022 को दुगार्गंज क्षेत्र में आये चक्रवाती तूफान में हुई जनधन हानि का सर्वे कराकर तत्काल आपदा राहत से आर्थिक सहायता दिलाये जाने का निर्देश दिया हैं। तत्क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने उपजिलाधिकारी रानीगंज को सर्वे हेतु आदेशित किया। उपजिलाधिकारी रानीगंज के द्वारा कराये गये सर्वे के उपरान्त ज्ञात हुआ है कि सरायसेतराय, बाबूपट्टी, जयरामपुर, कसेरूआ, खमपुर दूबेपट्टी, पहाड़पुर, गजेहड़ा, खरवई, नंकोट, नरहरपुर आदि गांव प्रभावित हुये है। इन गांवों में कुल 259 मकान के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है तथा चक्रवाती तूफान से एक व्यक्ति के मृत्यु हुई एवं 03 घायल है, इसके अतिरिक्त एक भैंस घायल हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में हुई जनधन हानि को आपदा राहत से आर्थिक सहायता शीघ्र मुहैया करायी जायेगी। उन्होने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया है इन गांवों में बिजली के तार एवं क्षतिग्रस्त हुये खम्भों को तत्काल ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायें।

## चार के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा

**समाज जागरण अरुण शुक्ल**

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ रंजिशन मारपीट व गालीगलौज को लेकर गुरूवार को केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे वीरबल निवासी रामराज सरोज की पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच अगस्त को सुबह सात बजे विपक्षी उसके दरवाजे पर आ धमके। गांव के विपक्षी श्रीराम की पत्नी आशा देवी सरोज व पुत्री फोटू तथा मीनाक्षी व पुत्र श्रीराम सरोज ने उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियों ने धमकी देते हुए भददी-भददी गालियां दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गुरूवार को केस दर्ज किया है।

## मोबाइल पर बात करते हुए ट्रेन के आगे कूदी छात्रा, मौत

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ**

हथिगवां थाना क्षेत्र के मस्तापुर कैमा गांव निवासी चिरौंजी लाल यादव परिवार के जीवकोपार्जन के लिए मुंबई में रहता है। दो महीने पहले वह घर आया था। मंगलवार को उसे मुंबई वापस जाना था। उसकी दो बेटियां रितू (17) और रिया हैं। रितू यादव तुलसी इंटर कॉलेज बाबूगंज कुंडा में इंटर की छात्रा थी। वह कुंडा में कोचिंग भी पढ़ती थी। मंगलवार सुबह तकरीबन सवा पांच बजे वह घर से साइकिल लेकर कोचिंग के लिए निकली। कोचिंग पढ़ने के बाद वह विद्यालय पहुंची। वहां कुछ देर रहने के बाद वह साइकिल लेकर फिर निकल पड़ी। विद्यालय से कुछ दूर पर स्थित कुंए के पास साइकिल खड़ी करके वह मोबाइल पर बात करते हुए रेलवे ट्रैक की ओर बढ़ी। आसपास के लोगों ने उसे टोका तो उसने कहा सहेली का इंतजार कर रही है। इसी बीच कुंडा की ओर से प्रयागराज जाने वाली कानपुर पैसेंजर आई तो रितू उसके सामने कूद गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मोबाइल फोन चकनाचूर हो गया और स्कूल बैग फट गया। ड्राइवर ने ट्रेन रोककर स्टेशन को खबर दी। घटनास्थल नजदीक होने से विद्यालय के लोग पहुंचे तो उसकी पहचान हुई। परिजन मौके पर पहुंचे तो बेटी का



शव देखकर कोहराम मच गया। मृतका के पिता चिरौंजीलाल की तहरीर पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। बेटी की मौत से मां प्रेमा देवी रो-रो कर बेहाल हैं। रितू ने खुदकुशी क्यों की, इसका पता नहीं चल सका।

## सीडीओ ने सांगीपुर ब्लाक का किया औचक निरीक्षण, पारदर्शिता व गुणवत्ता पर दिया जोर

**समाज जागरण अरुण शुक्ल**

लालगंज ` प्रतापगढ़, जिले की सीडीओ ईशा प्रिया ने गुरूवार को दोपहर अचानक सांगीपुर ब्लाक का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ के अचानक ब्लाक आ धमकने से कर्मचारियों मे हडकंप मच गया। सीडीओ ईशा प्रिया ने ब्लाक मे निरीक्षण के दौरान चौदहवें वित्त समेत मनरेगा आदि से जुड़े अभिलेखों का घण्टों गहन परीक्षण किया। अभिलेखों में कुछ कालमों मे दुरूस्ती न देखकर सीडीओ का पारा मातहतों पर चढ़ आया। सीडीओ ने विकास कार्यो से जुड़ी योजनाओं के संचालन में अभिलेखीय एवं स्थलीय गुणवत्ता को लेकर मातहतों को आगाह भी किया। उन्होंने चेताया कि पारदर्शिता न मिलने पर दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। परिसर के निरीक्षण मे सीडीओ ने बीडीओ रमाशंकर सिंह को भवनों के कमजोर होने की स्थिति में आकलन कर पुर्न मरम्मत के लिए तत्काल प्रस्ताव भेजवाये जाने के निर्देश दिये। वहीं सीडीओ ने ब्लाक के द्वारा संचालित अमृत सरोवर तथा



अन्य निर्माण योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी जुटाई। हालांकि सीडीओ ब्लाक के निरीक्षण के दौरान यहां संचालित परियोजनाओं की प्रगति को लेकर संतुष्ट दिखीं। सीडीओ ईशा प्रिया ने ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू के साथ पंचायत प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानों तथा बीडीसी सदस्यों से विकास कार्यो में सहयोग का आहवान करते हुए ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में आ रही समस्याओं की भी जानकारियां हासिल की। निरीक्षण के दौरान डीसी एनआरएलएम डा. नागेन्द्र नारायण त्रिपाठी, डीडीओ ओमप्रकाश मिश्र, डीसी मनरेगा इंद्रमणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इधर सीडीओ के निर्देश पर डीसी डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने चाहिन गांव पहुंचकर अमृत सरोवर का भी विधिवत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें सरोवर के इर्द-गिर्द हरे पौधों को भी रोपित कराये जाने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान ज्ञानवती वर्मा तथा तकनीकी सहायक इं. रमेशचंद्र शुक्ल व पंचायत सचिव राजीव कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनीस ने सरोवर निर्माण को लेकर उन्हें वांछित जानकारियां प्रदान की।

## सीओ के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**समाज जागरण अरुण शुक्ल**

लालगंज, प्रतापगढ़। सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीडन का केस दर्ज किया है। कोतवाली के गंगादीन का पुरवा गौखाड़ी निवासी भुल्लर के पुत्र बृजेश गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चौबीस अगस्त को रंजिशन जनई गांव के सोनू पटेल पुत्र राधेश ने तीन चार अज्ञात लोगों के साथ उसे घेरकर मारापीटा। आरोपियों ने पीडित के घर पहुंचकर पीडित तथा उसके माता-पिता के साथ मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियो ने पीड़ित व उसके परिवार के सदस्यों को जातिसूचक गालियां दी। आरोपियों ने शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। पीड़ित ने सीओ से मिलकर आपबीती सुनाई। सीओ की फटकार पर गुरूवार को आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व धमकी समेत एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया गया है।

## कुंडा खनवारी मार्ग के चौड़ीकरण को मांगा गया भूमि का विवरण

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ**

भक्ति मंदिर में होने वाले आयोजनों में श्रृद्धालुओं की भीड़ इस तरह से बढ़ती है कि सड़क पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। स्थाई विकल्प के लिए भक्ति परिषत की ओर से कुंडा से खनवारी के बीच सड़क के चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण मंत्री के साथ ही सीएम को भी पत्र लिखा गया। मंत्रालय से लोक निर्माण विभाग को स्वीकृत का पत्र पहुंचा तो भूमि आंकलन को आख्या मांगी गई। अधिशाषी अभियंता ने एसडीएम कुंडा को भेजे पत्र में बताया कि कुंडा खनवारी मार्ग के नवघोषित राज्य मार्ग 171 लालगंज मझनपुर मऊ मार्ग के कुंडा खनवारी मार्ग के किमी. 25.900 से 39.900 तक (14 किमी) चार लेन के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण के लिए भूमि उपलब्धता से अवगत कराएं। रास्ते में पड़ने वाले कुंडा टाउन, फरेदूपुर, बदलावन का पुरवा, खान का पुरवा, चकादिलअली, बिदासिन, मनगढ़, हिसामपुर, रमईपुर, अस्थवां आदि गांवो की भूमि की जांच आख्या मार्ग के चौड़ीकरण हेतु आवश्यक मांगी गई है। एसडीएम की आख्या के बाद प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी।

## मंत्री जी, कुंडा और बाबागंज में नहीं होती सुनवाई

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ**

विकास कार्यों की समीक्षा और स्थलीय निरीक्षण के लिए प्रतापगढ़ पहुंचे प्रयागराज मंडल के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस दौरान भाजपा की कुंडा मंडल प्रभारी सरोज त्रिपाठी ने उनसे शिकायत की। उन्होंने कहा कि कुंडा और बाबागंज में भाजपा कार्यकताओं को काम नहीं करने दिया जा रहा है। जनसत्ता दल के लोग भाजपा कार्यकताओं का उत्पीड़न करते हैं, शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होती। दोनों विधानसभा क्षेत्र के हालात पहले के जम्मू-कश्मीर जैसे हो गए हैं।

## उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शुरू की महाकुंभ 2025 की तैयारी, जारी किया 100 करोड़ का बजट

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए योगी सरकार ने 100 करोड़ का बजट तय किया है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के मुताबिक इस बार प्रयागराज में महाकुंभ अद्भुत होगा। प्रयागराज में जल्द ही 6 हेलिपैड बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके अलावा प्रयागराज में वाराणसी की तरह की क्रूज भी चलेगा। गंगा एक्सप्रेस वे बन जाने के बाद दिल्ली से प्रयागराज जाना और आसान हो जाएगा। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने महाकुंभ की तैयारियां शुरू कर दी है। प्रयागराज में गंगा किनारे टेंट सिटी बनाई जा रही है जिसमें विक्लांग और बुजुर्गों के लिए खास इंतजाम होंगे।इसके अलावा मेले को पर्यावरण के अनुकूल रखने के लिए मेला क्षेत्र में पॉलिथीन और सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। लोगों की सुविधा के लिए मेले में बैटरी वाले रिक्शे चलाए जाएंगे। मेले के दौरान स्थानीय हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भी योजना बनाई जा रही है।पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के मुताबिक फाफामऊ में गंगा नदी पर बना ब्रिटिश कालीन कर्जन पुल को पर्यटन विभाग ने धरोहर के रूप में ले लिया है। कर्जन पुल को पर्यटन विभाग गंगा गैलरी और म्यूजियम के रूप में विकसित करेगा। कुंभ मेला हिंदू धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन होता है जो आम तौर पर 12 साल के बाद आता है। कुंभ में स्नान करने के लिए दुनियाभर के हिंदू कुंभ में स्नान करने के लिए भारत आते हैं।

## "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के अन्तर्गत 01 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्ता गिरफ्तार।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्ता सुनीता देवी पत्नी महराजदीन पटेल नि0 जोरावरपुर मजरे भागीरथपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को टटेहरवापुर मोड़ तिराहा से समय करीब 01:10 बजे दिन गिरफ्तार किया गया । अभियुक्ता के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ । थाना मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।




## पाक्सो अधिनियम के तहत 20 दिन में किया गया मुकदमों का निस्तारण

### दोषी को 31 हजार अर्थदण्ड सहित सुनाई गयी आजीवन कारावास की सजा

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

प्रतापगढ़। संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह ने बताया है कि अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने 11 वर्षीय नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी राजकुमार उर्फ फुटानी मौर्य निवासी सराय संसारा थाना लालगंज को दोषी पाते हुये कठोर आजीवन कारावास (जो अभियुक्त की शेष प्राकृतिक जीवन काल के लिये होगी) और 31 हजार अर्थदण्ड सहित दंडित किया। अर्थदण्ड 31 हजार रुपए पीड़िता को उसके चिकित्सकीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति एवं उसके पुनर्वास हेतु नियमानुसार प्रदान की जायेगी। वादी मुकदमा के अनुसार वह प्रतापगढ़ में किराये पर कमरा लेकर जिला मुख्यालय पर पत्नी व एक बेटा व एक बेटी के साथ रहता है। घटना दिनांक 03 जून 2022 समय लगभग 2 बजे की है उसकी नाबालिक पुत्री उम्र 11 वर्ष घर पर उसके 8 वर्षीय पुत्र के साथ अेकली थी वह कचेहरी चला आया था तथा पत्नी किसी कार्य से बाहर सामान लेने चली गयी थी तभी राजकुमार फुटानी निवासी सराय संसारा थाना लालगंज आया, वह मेरे यहां पहले से भी आता जाता था क्योंकि वह खाना बनाने का कार्य करता था, शादी वगैरह में खाना बनाया करता था, इसी वजह से उससे जान पहचान हो गई थी। उसने मेरी लड़की पीड़िता से मेरे और मेरी पत्नी के बारे में पूछा मेरी लड़की पीड़िता ने कहा बाहर गये कोई नही है। वह मेरे घर में आया और मेरे 8 वर्षीय बालक को बहला-फुसलाकर किचन में बंद कर दिया तथा लड़की के साथ जबरन उसका मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। इस केस की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चन्द्र त्रिपाठी ने की। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि इस मुकदमें में दिनांक 26 जुलाई 2022 को संज्ञान लिया गया और दिनांक 05 अगस्त 2022 को आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र बनाया गया। विशेष लोक अभियोजक द्वारा वादी मुकदमा पीड़िता, डाक्टर, विवेचक, रेडियोलॉजिस्ट, प्रधानाध्यापक आदि की गवाही करायी गयी। दिनांक 23 अगस्त 2022 को दोनो पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायालय द्वारा निर्णय की तिथि दिनांक 24 अगस्त 2022 नियत की गई तथा 24 अगस्त को आरोपी को दोष सिद्ध कर दिया गया। सजा बिन्दु पर आज सुनवाई करते हुये न्यायालय ने आरोपी को कठोर आजीवन कारावास तथा 31 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। यह आजीवन कारावास उसके शेष प्राकृतिक जीवन काल तक के लिये होगा। इस प्रकार न्यायालय द्वारा इस मुकदमें का निस्तारण मात्र 20 दिन में किया गया। पाक्सो अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमें के 20 दिन में निस्तारण पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये सभी सम्बन्धित को बधाई दी।

## अमेठी तहसील में नाले में मिला किसान का शव : परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, परिवार समेत आरोपी घर छोड़कर फरार

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी तहसील में गुरुवार रात किसान की नाले में लाश मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जांच -



पड़ताल की । कुछ देर बाद एसपी और एएसपी भी घटनास्थल पर आ गए । ग्रामीणों से पूछताछ की। इसके बाद को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**शाम को गए थे खेत , लौट कर नहीं आए**

मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर गांव का है गांव निवासी बाबू लाल गुरुवार शाम को खेत गए थे। लेकिन लौटकर नहीं आए परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी। इसी बीच जब गांव के बाहर नाले के पास पहुंचे तो वहां उन्हें बाबूलाल की लाश मिली जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधीक्षक इला मारन और और अपर पुलिस अधीक्षक विनोद पाण्डेय12377 ने मौके पर जाकर मामले की जानकारी ली।

**तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया**

परिजनों ने गांव के एक व्यक्ति पर हत्या करने का आरोप लगाया है उनका कहना है कि उसी ने बाबूलाल को नाले में डुबा - डुबा कर मार डाला है। वही परिजनों ने जिस पर आरोप लगाया है। वह घर पर ताला मारकर परिवार समेत हो गया फरार हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाबूलाल की तीन बेटियां है पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

### जिलाधिकारी ने मानसिक मंडित लाभार्थियों को यूडी आईडी कार्डो किया वितरण

## जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विकासखंड संभल के ग्राम घुंघावली के प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण बहजोई । उड़ान हौसलों की समिति द्वारा संचालित मानसिक मंडित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र पवांसा में जिलाधिकारी मनीष बंसल, समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम,जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी पराग माहेश्वरी, पवांसा खण्ड विकास अधिकारी रिजवान हुसैन ने आश्रय गृह में रह रहे लाभार्थियों को यूडी आईडी कार्ड वितरित किए।

संस्था प्रबंधक स्पर्श गुप्ता ने जिलाधिकारी को केंद्र में चल रही सभी गतिविधियों से अवगत कराया। संस्था में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चें और इसके साथ-साथ बाल कल्याण समिति द्वारा भेजे गए बच्चे रहते हैं।

आज मुख्य रूप से अशोक कुमार गुप्ता, छत्रपाल सिंह, सतेंद्र कुमार, प्रीति सिंह, विनीता, पूनम, पंकज, रूबी आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विकासखंड संभल के ग्राम घुंघावली प्राथमिक विद्यालय का औचक





निरीक्षण किया

जिसमें जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के परिसर को देखा एव उपस्थिति रजिस्टर तथा लर्निंग आउटकम रजिस्टर को चेक करते हुए निर्देशित किया कि रजिस्टर को माह वार अपडेट किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो जर्जर बिल्डिंग स्कूल परिसर में स्थित है उसको नीलामी की प्रक्रिया में लाया जाए। रसोईघर में बने खाने की गुणवत्ता को देखते हुए और उन्होंने मीनू के अनुसार खाना बनाने एवं खाने को गुणवत्ता पूर्ण बनाएं जाने के निर्देश दिए। जिससे बच्चों को पौष्टिक आहार मिल सके।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद ने कामनवेल्थ विजेता का किया सम्मान।

**दैनिक समाज जागरण संभल ।**

विश्व हिंदू परिषद की टीम प्रखंड हनुमान नगर गढ़ी कॉमनवेल्थ विजेता पलक मलिक के आवास पर पहुंची, और उनको इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी, एवं माता-पिता के अथक प्रयास की सराहना कि, और भविष्य में पलक इसी तरह अपने देश का नाम रोशन करती रहे।

इस माह9-8-2022 को पलक ने रूस में चिल्ड्रन कुश्ती खेल में कांस्य पदक जीता, जोकि दसवीं की छात्रा हैं, और 19-8-2022 को नेशनल पंजा प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट रही। पलक के गुरु भोला सिंह त्यागी जो की कल्याणपुर गांव में अखाड़ा



चलाते हैं और विभिन्न शिष्यों को उपलब्धियों तक ले जा चुके हैं। पलक ने बताया कि माता पिता और गुरु के तपोबल से मैंने यह उपलब्धि हासिल की है। और भविष्य में भी देश के लिए पूर्ण निष्ठा से खेलती रहूंगी। इस अवसर पर यशपाल प्रांत सह मंत्री रामपुर, अमित वार्ष्णेय जिला अध्यक्ष संभल, कुमारी दीक्षा चौधरी उपाध्यक्ष, दयानंद वाष्णेय कोषाध्यक्ष, मोनू वार्ष्णेय प्रचार प्रमुख, सरदार मनोहर सिंह मुरादाबाद ग्रामीण देहात उपाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष विजेंदर सिंह, प्रखंड मंत्री कुलवीर सिंह, , पप्पन , सत्यनारायण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विकासखंड स्तरीय पुरुष महिला ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संभल ।**

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय पुरुष महिला ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन चिरौली भगवंतपुर के खेल मैदान में किया गया जिसका ब्लाक प्रमुख पति हिरदेश यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया इसमें 16 वर्ष से अधिक आयु की पुरुष महिला ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता मैं पुरुष व महिलाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें 16 वर्ष में 100 मीटर की दौड़ में अभिषेक 200 मीटर में इंद्रजीत प्रथम आये 16 वर्ष से अधिक मैं 100 मीटर में सत्यवीर 200 मीटर में सचिन शर्मा 400 मीटर में आकाश शर्मा 300 मीटर में आकाश 1500 मीटर में अवनीश यादव 3000 मीटर में गजेंद्र सिंह प्रथम आ



लंबी कूद में सत्यवीर कुश्ती में 57 किलो भार वर्ग में अभिषेक 60 किलो वर्ग वर्ग में संतोष 65 किलो भार वर्ग में अमृत सिंह 74 किलो भार वर्ग में विश्वजीत 70 किलो भार वर्ग में संतोष प्रथम स्थान आए महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में श्रद्धा 200 मीटर दौड़ में श्रद्धा 400 मीटर दौड़ में श्रद्धा 800 मीटर की दौड़ में संजू प्रथम स्थान आयी कबड्डी में किशोली की टीम विजेता रही और पंवासा के टीम उपविजेता रही ब्लाक प्रमुख पति द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया इस अवसर पर सहयोगी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चित्र वीर सिंह और प्रतियोगिता का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संजू रानी देवल द्वारा किया गया

## किशोरियों को वित्तीय रूप से जागरूक करने को एक जिम्मेवार नागरिक बनाने के लिए वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन।

**सरोज कुमार/समाज जागरण,किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर प्रखंड अन्तर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुर में किशोरियों को वित्तीय रूप से जागरूक करके एक जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एचएम डॉ राजीव कुमार ने कहा कि बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्त्रोत व्यक्ति के रूप में विद्यालय के दो शिक्षक जितेन्द्र कुमार और बिनीता कुमारी ने 22 से 24 अगस्त 2022 के बीच प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं । बालिकाओं में वित्तीय समझ एक सशक्त समाज के निर्माण में मदद करेगा। यह कार्यक्रम विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है जिसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राज्य के तेरह जिलों में शुरू किया गया है जिसमें सुपौल जिला भी शामिल है।कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल सह विज्ञान शिक्षक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि दुनियां जिस रफ़्तार से तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है साइबर क्राइम में भी बढ़ोतरी हुई है। कई बार तो शिक्षित लोग भी ठगी के शिकार हो जाते हैं।इससे बचने का एक ही उपाय है साइबर क्राइम के बारे में समुचित जानकारी प्राप्त करना और तकनीकों का बुद्धिमता पूर्वक उपयोग को सीखना।कहा जाता है कि एक लड़की अगर शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है।हमारी बेटियां



बहुत बड़े सामाजिक परिवर्तन की वाहक है।आज का बचत ही कल की आर्थिक स्वतंत्रता दिलाएगी।वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के व्यापक आयाम हैं इसके तहत घरेलू बजट बनाना, आवश्यकता और आकांक्षा के बीच अंतर को समझना,बचत की आदत विकसित करना,बैंकिंग प्रणाली की जानकारी खाता खोलना, जमा और निकासी की प्रक्रिया को समझना,चेक से भुगतान, ऑनलाइन पेमेंट, एटीएम की समझ, पिन नंबर की गोपनीयता, पोस्ट ऑफिस की विभिन्न योजनाएं,साइबर फ्रॉड, साइबर सुरक्षा, बीमा पॉलिसी, बीमा का प्रकार, पेंशन स्कीम, बैंक से लोन लेने की प्रक्रिया,साहूकारों के कर्जजाल से निकलने के उपाय, स्वरोजगार के साधन,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना,कौशल विकास कार्यक्रम अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम के सकारात्मक प्रभाव के कारण लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा, मन से झिझक खत्म होगा।बचत की प्रवृत्ति बढ़ेगी आर्थिक आत्मनिर्भरता में बढोतरी होगी साथ ही आपातकालीन स्थिति में वित्तीय मदद भी मिल सकेगा।

विद्यालय में शिक्षक और छात्राओं के साथ अलग - अलग बैठक कर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में शिक्षक बुधदेव पासवान,योगेंद्र कुमार योगेश,सुमन सौरभ,रोहित कुमार कुश, रामकृष्ण चौपाल,संजीव,सुवीर,राकेश,राजेंद्र, राजन,प्रमोद,शोभानंद,महबूब आलम,प्रणिता, मधु, गुंजन,अन्नु , छात्रा सैजल प्रवीण,निराली,खुशबू,सोनम,अन्नु, सीमा,मधुलता,प्रीति,साना खानम, विभा,नूर आदि ने हिस्सा लिया।

## टेम्पू, ट्रेक्टर में हुई टक्कर,टेम्पू गई पलट ,टेम्पू सवार हुई घायल।

**अमरेश कुमार/समाज जागरण,पीपरा, सुपौल**

जिले में पिपरा मुख्य मार्ग एन एच 327 ई निर्मली बाजार के पास सत्यम माडर्न पब्लिक स्कूल के नजदीक गुरुवार दोपहर टैम्पो चालक ने ट्रेक्टर में टक्कर मार दी टक्कर मारते ही टैम्पो पलट गई। जहा ओटो सवार कई लोग घायल हो गया। दुर्घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया पिपरा से सुपौल की और जा रही ओटो चालक कान में हैडफोन लगाए हुआ था जो निर्मली गांव के तरफ से आ रहे ट्रेक्टर ट्राली से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ओटो पूरी तरह छतीग्रसत हो गया। वहीं ओटो में सवार तुलापट्टी निवासी मंटू चौधरी अपना इलाज करवाने सुपौल जा रहा था इस दुर्घटना में घायल हो गया। जबकि बेगूसराय निवासी संजीत



ठाकुर अपने ससुराल थुमहा से अपनी पत्नी मीरा देवी एवं तीन बच्चों के साथ बेगूसराय के लिए ट्रेन पकड़ने सुपौल जा रहे थे सभी इस दुर्घटना में बूरी तरह घायल हो गया है। पत्नी मीरा देवी पुत्री शालिनी, रागिनी को भी गहरी चोट लगी है। सभी घायलों को निर्मली बाजार में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर भेज दिया गया। दुर्घटना स्थल से ट्रेक्टर,टैम्पो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। घायल व्यक्तियों ने बताया पिपरा पुलिस को दुर्घटना के संबंध में जानकारी दी गई है गाड़ी नंबर बीआर 50 पी 6184 पुलिस को दिया गया है। थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया दुर्घटना में छतिग्रसत टैम्पौ पथरा दक्षिण का है। सभी टैम्पौ सवार घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए भेजा गया है ।

## बिजली शॉर्ट सर्किट होने से एक मासूम हुई बुरी तरह जख्मी।

**अमरेश कुमार/समाज जागरण,पीपरा, सुपौल**

जिले में पीपरा प्रखंड में बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के बाद एक मासूम बच्चे बुरी तरह जख्मी हो गया ,जिसे बेहतर इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घटना पिपरा थाना क्षेत्र स्थित जोल्हनियां गांव के वार्ड नंबर 7 की है जहा गुरुवार सुबह अरूण साह के घर में शॉर्ट सर्किट से



आग लग गई। अरूण की पत्नी संजना देवी देवी अपने ग्यारह माह के शिवम कुमार को आंगन में खेलता हुआ छोड़कर पडोस़न के यहा किसी काम से गई थी। इधर घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से बिजली की तार में आग लग गई और तार गलकर आंगन में खेल रहे बच्चें के शरीर पर गिरता रहा जिससे बच्चे बुरी तरह जख्मी हो गया। तब तक लोग कुछ समझ पाते तबतक एक खाना बनाने वाला फूस का घर जलकर राख हो गया। बरी मेहनत से बच्चे को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सुपौल भेज दिया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

## डॉ रामचंद्र पूर्वे जी को उपसभापति बनाए जाने पर राजद एवं सुढ़ी परिवार अररिया में हर्ष का माहौल: अमित पूर्वे

**दैनिक समाज जागरण अररिया /इस्तेखार आलम**

राजद के कद्दावर नेता संस्थापक सदस्य में एक बिहार के पूर्व मंत्री व राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डॉ रामचंद्र पूर्वे जी को उपसभापति बनाए जाने पर राजद परिवार अररिया में हर्ष का माहौल व्याप्त है और संपूर्ण राजद परिवार की ओर से डॉ रामचंद्र पूर्वे को उपसभापति बनाए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं का संदेश प्रेषित किया जा रहा है इसी संदर्भ में राजद जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे ने मीडिया को बताया कि आज जिस ऊंची दूरदर्शी सोच से सुढ़ी समाज के शुभचिंतक के रूप में हमारे नेता बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी ने सुढ़ी समाज के दो दो लाल आदरणीय समीर कुमार महासेठ जी को एवं डॉ रामचंद्र पूर्वे जी को जो सम्मान देने का काम किया है इनके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं हैं । श्री पूर्वे ने कहा अग्निपथ योजना के विरोध में 29 जून, 2022 को बिहार विधानपरिषद के बाहर राजद के सभी एमएलसी बैठकर सदन चला रहे थे , जिसमें आपको (डॉ. रामचंद्र पूर्वे) सभापति सर्वसम्मति से बनाया गया था। पर क्या पता था कि मात्र दो माह बाद सच में उन्हें उपसभापति बना दिया जाएगा। और आज उपसभापति के पद पर देख कर दिल में उत्साह और उमंग तथा राजद परिवार अररिया की ओर से बहुत बहुत बधाई। डॉ. रामचंद्र पूर्वे राष्ट्रीय जनता दल के कद्दावर नेता हैं। लालू जी जब पहली बार 10 मार्च,



1990 को मुख्यमंत्री बने तो उनके मंत्रिमंडल में भी शामिल किये गये, संसदीय कार्य मंत्री और शिक्षा मंत्री के रूप में काम करने का मौका मिला है। राबड़ी देवी जब पहली बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थीं, उस वक्त इकलौते मंत्री के रूप में आप ही शपथ लिये थे । राजद में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सर्वाधिक समय आसीन रहने का रिकॉर्ड हैं। 05 दिसम्बर, 2010 से 26 नवम्बर, 2019 के बीच लगातार चार टर्म प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। पार्टी के प्रति वफादारी, बौद्धिक क्षमता, सहिष्णुता, सरलता एवं समाजवादी चरित्र विशेषता रही है।

अविभाजित बिहार में जनता दल की झोली में 22 सांसद आये। राष्ट्रीय स्तर पर लालू प्रसाद की लोकप्रियता बढ़ते देख उनके साथी और विपक्षी दोनों पीछे पड़ गए, जिसके कारण लालू जी को जनता दल से अलग होकर नई पार्टी बनानी पड़ी।

लालू जी के इस बुरे वक्त में आप (पूर्वे जी )पूरी मुस्तैदी से खड़े रहे। नई पार्टी के गठन हेतु प्रस्ताव तैयार करने और नाम का चयन करने के लिए चार सदस्यीय प्रारूप समिति बनाई गई, जिसमे डॉ. रामचंद्र पूर्वे के साथ शकील अहमद खां, विजय कृष्ण एवं चितरंजन गगन को सदस्य बनाया गया। समिति द्वारा दो नाम तय किया गया। पहला राष्ट्रीय जनता दल और दूसरा राष्ट्रीय जनता पार्टी। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री रामकृष्ण हेगड़े के सलाह पर राष्ट्रीय जनता दल नाम को ही चुना गया।

बधाई देने वालों में राजद जिला अध्यक्ष सुरेश पासवान, जिला प्रधान महासचिव अरुण यादव, राजद नेता मनीष यादव, राजद नेता अभिनाश आनंद, राजद नेता क्रांति कुवर, पूर्व सांसद सरफराज आलम, पूर्व विधायक अनिल यादव, प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, प्रदीप कुमार मंडल, सुबोध यादव, लवली नवाब, फुल कुमारी देवी, रूपेश राज यादव, युवराज यादव, बजरंग बिहारी, नौशाद अहमद, वाहिद अंसारी,अशोक विश्वास, पूर्व प्रत्याशी अविनाश मंगलम , पूर्व प्रत्याशी शत्रुघ्न मंडल आदि दर्जनों नेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दिए

## नवनिर्वाचित भरगामा प्रखंड के मुखिया उप मुखिया तीन दिवस परीक्षण जिला पार्षद सेवा भवन मैं संपन्न हुआ

**दैनिक समाज जागरण अररिया रिपोर्टर मासूम रजा**

जिला पंचायत संसाधन केंद्र पंचायती राज विभाग अररिया द्वारा दिनांक 22/8/2022से24/8/2022 ताक जिला पार्षद सभा भवन अररिया में आयोजित प्रखंड भरगामा के नवनिर्वाचित मुखिया उप मुखिया के तीन दिवसीय आवासीय प्रारंभिक परीक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ परीक्षण कार्यालय में सभी माननीय को



पंचायती राज का व्यवस्था के एवं विकास 73 वा संविधान संशोधन बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 को धाराओं जीपीडीपी स्थामी आप दा के साथ स्वाशासी इकाई मजबूत तथा बनाने संबंधी महत्वपूर्ण परीक्षण दी गई परीक्षण कार्यालय जिला स्तरीय प्रशिक्षण (DPRc) श्री पुष्पेश चंदा कुमारी ईवरजी श्री रोशन कुमार द्वारा दी गई परीक्षण प्राप्त पर कर मुखिया उप मुखिया काफी उत्साहित हुए उन्हें अपने अधिकार कर्तव्य एवं द के साथ सरकार की विभिन्न में कल्याणकारी योजनाओ की महत्वपूर्ण जानकारी मिली

## सोहटा में चोरों ने आवासीय घर का सीन काटकर नगदी 15 हजार रुपये समेत लगभग 50 हजार के समान उड़ाए।

**सोनू भगत/समाज जागरण, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखण्ड के सोहटा गांव में अज्ञात चोरों ने एक आवासीय घर का सीन काटकर नगदी 15 हजार रुपये समेत लगभग 50 हजार के समानों की चोरी कर भागने में सफल रहें। मिली जानकारी अनुसार सोहटा पंचायत के वार्ड 5 स्थित सीता राम सिंह के आवासीय घर का सीन काटकर अज्ञात चोरों ने बुधवार की देर रात उनके घर से नगदी रुपये समेत अन्य महत्वपूर्ण कपड़े, जेवरात, घरेलू उपकरण की चोरी कर ली। पीड़ित परिवार को अपने घर मे हुई चोरी की घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह जगने के बाद हुई। जिसके बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी छातापुर पुलिस को दी। इधर, पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरों ने बड़े ही बारीकी ढंग से बुधवार की देर रात चोरी की घटना को अंजाम देने का कार्य किया है। क्योंकि जिस आवासीय घर से



समानों की चोरी हुई है उस घर मे पीड़ित के पारिवारिक जन सोये हुये थे। लेकिन चोरों ने चोरी की घटना को बड़ी ही बारीकी ढंग से अंजाम दे दिया। जिससे किसी को कुछ पता भी नही चला। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरों ने उनके आवासीय घर से घर मे लगी एक एल सीडी 24 इंच की , वही कपड़ा से भरा दो बेग, दो बक्शा घर से चोरी कर लिया। जिस एक बैग में घरेलू आवश्यक कार्य के निमित 15 हजार रुपये भी रखी हुई थी। पीड़ित ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी होने पर खोजबीन के दौरान घर से महज 100 गज की दूरी स्थित एक खेत मे घर से चोरी गई दो खाली बेग तथा एक आयरन, एलसीडी का रिमोट आदि फेंका हुआ मिला। पीड़ित गृह स्वामी ने बताया कि उनका बेटे मुनचुन सिंह दिल्ली में रहकर कार्य करते है। जबकि यहां उनकी पत्नी बेटा बेटी हमलोगों के साथ ही अपने घर पर ही रहती है। घर मे हुए चोरी की घटना से सभी परिवारिक सदस्य मायूस बने हुए है।

## बीजेपी के नेताओं के द्वारा आनंद मोहन पर टिप्पणी करने पर सैकड़ों समर्थक कार्यकर्ता ने निकाला मशाल जुलूस।

**मोहम्मद नजीर आलम /समाज जागरण,सुपौल**

जिले के सदर प्रखंड के महावीर चौक से गांधी मैदान होते हुए लोहिया चौक तक पैदल मार्च कर आनंद मोहन के समर्थन में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने मशाल जुलूस लेकर उतरे समरेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में मशाल जुलूस निकाला गया ।




वहीं उन्होंने कहा जिस तरह बीजेपी के नेता आनंद मोहन जी के ऊपर गलत टिप्पणी कर रहे हैं उनका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा ।वही आनंद मोहन की रिहाई को लेकर सैकड़ों कार्यकताओं ने कटिबद्ध होकर मांग की है । वहीं उन्होंने कहा की बीजेपी के नेताओं द्वारा जो गलत टिप्पणी की जा रही है उनकी खामियाजा उन्हें भुगतनी पड़ेगी वही इस जुलूस में भगत सिंह, पमल कुमार सिंह, कबीर कुमार, नीतीश कुमार ,मोहम्मद अली मोहम्मद ,शमी प्रदीप सिंह, चीकू सिंह ,सोहन कुमार सिंह ,श्री अजीत कुमार सिंह, पप्पू कुमार सिंह ,केदारनाथ सिंह ,सोनम कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अलग अलग जगहों से तीन को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल।

**सोनू भगत/समाज जागरण,छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर थाना पुलिस ने अलग - अलग जगहों से 2 शराब तस्कर व एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायिक हिरासत में सुपौल शुक्रवार को भेजा गया है। इसकी जानकारी देते हुए छातापुर थानाध्यक्ष अभिषेक अंजन ने बताया कि छातापुर के भागवतपुर से लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया की इसको लेकर छातापुर थाना कांड संख्या 316/22 जो कि मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत दोनों युवक रंजीत मुखिया तथा साजन मुखिया को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपी जीवछपुर निवासी थे। जो कि एक बाइक एवं ढाई लीटर देसी शराब तथा एक चोरी के बकरा के साथ थानाक्षेत्र के उधमपुर में ग्रामीणों के पकड़ में आया। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को मामलें की जानकारी दी। तब जाकर सूचना सत्यापन को पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराते हुए शराब के साथ दोनों आरोपियों को चोरी के बकरा तथा बाइक के साथ छातापुर थाना लाया।



जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही पुलिस ने माधोपुर पंचायत के हरिहरपुर में छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी हरिहरपुर निवासी राम प्रसाद मुखिया पिता नानू मुखिया है। इसे भी न्यायिक हिरासत में सुपौल भेजा गया है।

## बलुआ बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष का सुपौल डीएम ने किया शुभारंभ।

**सोनू भगत/समाज जागरण,छातापुर, सुपौल**

जिले के छातापुर प्रखंड में शुक्रवार को जिले के डीएम कौशल कुमार के कर कमलों द्वारा प्रसव कक्ष का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान अस्पताल के सभी कर्मी, अधिकारी डॉक्टर नर्स व आशा कर्मी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस बाबत डीएम कौशल कुमार ने बताया कि बलुआ बाजार का ये गाँव छातापुर प्रखंड अंतर्गत आता है और बलुआ से छातापुर की दूरी 25 किलोमीटर है ।जिसके कारण यहां के मरीजों को छातापुर जाने में थोड़ी कठिनाई हो रही थी। जिसको लेकर यहां अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हुई है। लेकिन साल 2020 में आई कोविड की समस्या के वजह से बंद थी। जिसको लेकर महीनों से मरीजों को काफी दिक्कत हो रही थी। जिसका पुनः शुरूआत किया गया है। आज यही कार्यक्रम थी। उन्होंने कहा कि यहां के अस्पताल को पुनः विधि वत रूप से चालू कर पुनः प्रसव कक्ष की शुभारंभ होने से लगभाग 06 पंचायतो के महिलाओं को इसका सुविधा



मिलेगा और उनसब को सुपौल व छातापुर के लंबी दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। कहा अस्पताल में दो डॉक्टर व 07 एएनएम की प्रतिनियुक्ति की गई है । साथ ही प्रसव महिलाओं के लिए उनके घर से लाने जाने के लिये एक एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई है जो निःशुल्क है । मरीजों से एम्बुलेंस की किराए की राशि नहीं लेने की शक्त हिदायत दिया गया है । अस्पताल में 24 घंटे ओपीडी सेवा बहाल करने की हिदायत अस्पताल प्रबंधन को दिया गया है । पीएचसी प्रभारी को आकस्मिक दवाईयां एव उनसे संबंधित रिक्वायरमेंट का भी आदेश दिया गया है । वहीं छातापुर आरडीओ रितेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर आज बलुआ सीएसी में प्रसव कक्ष का शुभारंभ किया गया है । कहा कि पहले यहां के मरीजों को प्रसव के लिए लंबी दूरी का सफर कर बाहर जाना होता था लेकिन अब ये सुविधा उन्हें बलुआ सीएसी में ही मिलेगा मुखिया रामजी मंडल, सीएस मिहिर कुमार,उपमुखिया सुरेश पासवान, सिमिति विकास आणंद,रौशन बड़बरिया,डॉक्टर हयात अनवर,एएनएम नीलम कुमारी कंचन कुमारी,रमैया झा आशा कर्मी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## स्वच्छता कर्मियों का प्रखंड के ललित नारायण सभा भवन में हुआ कार्यशाला।

**सोनू भगत/समाज जागरण,छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड अन्तर्गत स्वच्छता कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण छातापुर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ललित नारायण सभागार में स्वक्षता कर्मियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता प्रखण्ड समन्यवयक संजय कुमार ,जिला प्रशिक्षक सुभाष कुमार छातापुर मुखिया प्रतिनिधि



मकसूद मसन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के छातापुर प्रखण्ड समन्यवयक संजय कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के चार पंचायत छातापुर ,जीवछपुर ,ठूठी एवं बलुआ पंचायत में चयनित स्वक्षता कर्मियों को ठोस तरल कचरा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद ये लोग अपने अपने वार्ड मे बेहतर तरीके से कचरा प्रबंधन के लिए काम करेंगे । मौके पर ललिता देवी, पिंकी देवी आदि समेत सैकड़ों महिला उपस्थित थे।

## बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय दादर आश्रम के छात्रों ने सीट वृद्धि की मांग करते हुए प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

**समाज जागरण**

सिकंदरपुर बलिया।शुक्रवार को बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय दादर आश्रम सिकंदरपुर के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय में बच्चों की संख्या को देखते हुए नामांकन सीटों की वृद्धि करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य से मांग किया।शुक्रवार को बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय दादर आश्रम के छात्र-छात्राओं की एक बैठक विद्यालय के छात्र भवन में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अतुलेश कुमार यादव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय में छात्रों की संख्या अधिक हो गई है। क्योंकि ग्रामीण अंचल का यह महाविद्यालय है ग्रामीण लोग यहां पर निवास करते हैं और इनकी संख्या यहां पर ज्यादा है लिहाजा महाविद्यालय में छात्रों की संख्या को देखते हुए सीट वृद्धि करना नितांत



आवश्यक है।सभी छात्र नेताओं ने सीट वृद्धि को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर उदय पासवान से मिलकर अपनी समस्याओं को रखें, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उदय पासवान ने छात्र नेताओं एवं छात्रों को भरोसा दिलाया कि सीट में वृद्धि के लिए यूनिवर्सिटी से बात की जाएगी। संस्तुति मिलने के बाद तुरंत आप लोगों को बता दिया जाएगा। इस अवसर पर अश्वनी कुमार वर्मा,साहिल यादव, दीपक शर्मा, फिरोज अंसारी, अंकित पासवान, अजित पासवान, शहजाद अंसारी, नितेश जाट, छोटू राव , मंटू यादव,रोहन , अमरनाथ यादव , संजीत कुमार वर्मा , बसन्त कुमार, सूरज चौरसिया , अरमान अंसारी विनय यादव, प्रियंका यादव,प्रीति सरस्वती, श्वेता, अंजलि सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अतुलेश यादव ने किया।

## कोच बिहार ट्रॉफी में खेलेगा हरियाणा का लाल नदीम अली, बधाई देने का सिलसिला जारी

**जुबैर अंसारी - दैनिक समाज जागरण**

बीते गुरुवार को कोच बिहार ट्रॉफी में हरियाणा के लाल का चयन होते ही गांव सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है ' दरअसल यह बिहार की राजधानी पटना में बीते दिनों हुए ट्रायल मैच में हरियाणा के गुड़गांव जिले के धुनेला गाँव निवासी अब्दुल रजाक के 20 वर्षीय लाल नदीम अली ने 4 ओवर में 4 विकेट लेकर मात्र 17 रन ही खर्च किए। जिसे बेहतर प्रदर्शन के बाद उसे कोंच बिहार ट्रॉफी में चयन कर लिया गया हैं।

बता दे कि कोंच बिहार ट्रॉफी में चयन की खबर सुनकर आस-पड़ोस के इलाकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एक छोटे से गांव में रहने वाले अब्दुल रज्जाक के पुत्र ने वह कर दिखाया जो एक अच्छे परिवार के बच्चे नहीं कर पाते हैं। बता दें कि अब्दुल रजाक अपने ही गांव में रहकर मजदूरी करते हैं। उन्होंने मजदूरी कर अपने बच्चों को लगातार कुछ बेहतर करने के लिए प्रेरित करते रहे। कोंच बिहार ट्रॉफी में चयन हुए हरियाणा के लाल नदीम अली ने बताया कि वह कई वर्षों से अपने गांव में रहकर क्रिकेट की प्रशिक्षण ले रहा था। कई वर्षों



के अथक प्रयास के बाद उन्होंने बीते कुछ दिनों पूर्व हुए कोच बिहार ट्रॉफी में चयन हो गया। उन्होंने कोंच बिहार ट्रॉफी में चयन होकर अपने गांव व जिला के साथ-साथ पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। जिसके बाद बधाई देने वालों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में स्थानीय आलम, अकबर, गुलाम, अमन, अजीज मौजूद रहे।

## शराब कारोबारी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला करने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**जुबैर अंसारी - दैनिक समाज जागरण**

बीरपुर पुलिस ने शुक्रवार को हिर्दयनगर पंचायत निवासी मो0 इसहाक का 25 वर्षीय पुत्र हजरत को गिरफ्तार करने मे बड़ी सफलता हासिल की है ' दर असल बता दूँ की पिछले महीने बीरपुर पुलिस गुप्त सुचना के आधार पर जब शराब तस्कर के घर रेड करने पहुंची तो 25 वर्षीय हजरत पुलिस पर हमला कर फरार होगया उक्त आरोपी को पकड़ने वास्ते बीरपुर पुलिस जाल बिछा रखी थी जो शुक्रवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया ' जानकारी देते बीरपुर थाना अध्यक्ष डीएन मंडल ने बताया की उक्त आरोपी की पिछले दो महीने से तलाश थी जो शुक्रवार को धरा गया जिसे बीरपुर उप कारा भेजा जा रहा है ' बिहार मे पूर्ण शराब बंदी कानून लागु है उक्त कानून को अमलीजामा पहनाने वास्ते सपौल जिला स्थित बीरपर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर डीएन मंडल कमर कस चूका



है बावजूद शराब तस्कर इतने शातिर है की पुलिस को अक्सर गच्चा देकर फरार हो जाते है

## पालीगंज में चिराग पासवान का किया भूल माला पहनाकर भब्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**

पालीगंज/ स्थानीय बाजार स्थित चंदोस मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने लोजपा (रामबिलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को शुक्रवार को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार लोजपा (रामबिलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोकसभा सांसद चिराग पासवान शुक्रवार को पालीगंज के रास्ते औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने डीहपाली गांव स्थित लोजपा नेता मोहन चौधरी के पुत्र की तीन महीने पूर्व हुए मौत की खबर सुनकर मोहन




चौधरी के घर पहुंचे। जहां उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। वहां से निकलकर उन्होंने पालीगंज बाजार पहुंचे। जहां चंदोस मोड़ स्थित शिवमंदिर के पास सैकड़ो लोजपा कार्यकर्ताओ ने उन्हें फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वही बाजार के बृद्ध निवासी परशुराम पासवान ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही कार्यकर्ताओ ने चिराग पासवान जिन्दावाद का नारा लगाया। उसके बाद चिराग पासवान ने औरंगाबाद के लिए रवाना हो गए। मौके पर लाला कुमार, परशुराम पासवान, सागर कुमार, बिधायक कुमार, प्रभा देबी, गुड्डु कुमार, मंटू कुमार, राहुल कुमार, मंगरू पासवान, रबि कुमार, रबिश कुमार व जितेंद्र पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गिरफ्तार शराब विक्रेता को भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण बौंसी संवाददाता-सुनील कुमार**

बौंसी/बांका:- बौंसी मुख्य बाजार के दलिया गांव मोहल्ले से 14 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार दो महिला सहित चार लोगों को बांका जेल भेज दिया गया। गुप्त सूचना के आधार पर बौंसी पुलिस के द्वारा



दलिया मोहल्ले में छापेमारी कर प्लास्टिक की बोरी में रखे 14 लीटर देसी शराब को बरामद किया गया था। मामले में गांव की काबो देवी, सुभाष पासवान, सोनी देवी और रितेश पासवान को गिरफ्तार किया गया था। गुरुवार को रेफरल अस्पताल में कोरोना जांच कराने के बाद सभी को बांका जेल भेज दिया गया है।

## प्लीज ललन बाबू तमाम पत्रकारों वाली ब्यान को वापस लीजिये

**जुबैर अंसारी – प्रदेश महासचि**
**दैनिक समाज जागरण – पटना**



इंडियन कॉन्सिल ऑफ प्रेस के प्रदेश महासचिव सह वरिष्ठ पत्रकार जुबैर अंसारी ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के ब्यान पर कड़ी आपत्ति जताया है ' दर असल बता दूँ की बिहार मे महागठबंधन की सरकार बनते ही नेताओं के बोल और जुबान फिसलने लगे है इसी कड़ी मे जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के द्वारा यह कहा जाना की मिडिया को शराब नही मिलने की वजह से सरकार के खिलाफ है यह कहना सरासर गलत है ' प्लीज ललन बाबू यह ब्यान वापस लीजिये की सभी मिडिया कर्मी को शराब चाहिए ' बताते चले की बिहार मे पूर्ण शराब बंदी कितना कारगर है और सफेद पोश उक्त कानून से कितना दूर ललन बाबू आप की सरकार है और आप की इस तरह की भाषा जो मिडिया कर्मी को आहत करने वाली है प्लीज ललन बाबू अपना ब्यान वापस लीजिये नही तो इंडियन कॉन्सिल ऑफ प्रेस आंदोलन करने पर मजबूर होगी जिस का जिम्मेदार आप होंगे ' जय हिन्द जय भारत

## ग्राम रक्षा दल द्वारा अररिया जिला के सुभाष स्टेडियम में एक बैठक का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण अररिया,**
**संवाददाता इफ्तेखार आलम**

जिसमें अररिया जिला के जिला प्रवक्ता मोहम्मद परवेज आलम ने बताया कि बिहार ग्राम रक्षा दल एक मजाक का पात्र बन चुका है बिहार ग्राम रक्षा दल का जो संगठन है उनका प्रदेश अध्यक्ष श्री राम प्रसाद रावत जी हैं अररिया जिला के जिला अध्यक्ष श्री संजय कुमार सा जिला उपाध्यक्ष श्री चंदन कुमार रजक जिला प्रभारी नीरज कुमार झा जिला प्रवक्ता मोहम्मद परवेज आलम की अध्यक्षता में इस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें बताया जा रहा है कि पूरे बिहार में ग्राम रक्षा दल की संख्या ढाई लाख की है और ग्राम रक्षा दल इमानदारी पूर्वक अपने अपने पंचायत में कार्यरत हैं बिहार ग्राम रक्षा दल के जिला प्रवक्ता मोहम्मद परवेज आलम ने बताया कि बिहार ग्राम रक्षा दल के कुछ दलालों के द्वारा हर जिले में ठगी का शिकार बनाया जा रहा है कभी वर्दी के नाम पर तो कभी ट्रेनिंग के नाम पर तू कभी नियुक्ति के नाम पर अलग-अलग जिले में अलग-अलग गठन के जिला अध्यक्ष दिखाई दे रहे हैं वही हमारे अररिया जिला के माननीय सांसद महोदय श्री प्रदीप कुमार सिंह जी ने लोक सभा सदन मंदिर में ग्राम रक्षा दल का आवाज भी उठाए हैं वही 61 दिन तक चलता रहा धरना



मधुबनी में वही पहुंचे पीएचडी मंत्री माननीय रामप्रीत पासवान उन्होंने बताया कि मैं आपका बात बिहार के मुखिया माननीय श्री नीतीश कुमार जी से करवाएंगे वही पीएचडी मंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष श्री राम प्रसाद रावत जी का मुलाकात बिहार के मुखिया से कराया मैं यह बता देना चाहता हूं ऐसे ऐसे जिला अध्यक्ष ठगी का शिकार ग्राम रक्षा दल को बना रहा है खासकर में अररिया जिला के शासन और प्रशासन से कहना चाह रहा हूं कि यह ठगी का दुकानदारी बहुत बढ़ चुका है जिसमें सारे ग्राम रक्षा दल दिग्भ्रमित का शिकार हो रहा है ऐसे ऐसे दलालों चिन्हित कर कानून कारवाई किया जाए और बिहार ग्राम रक्षा दल का जो संगठन है वह बिहार में बहुत मजबूत संगठन है बिहार ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष श्री राम प्रसाद रावत जी हैं मैं पूरे बिहार के ग्राम रक्षा दल से यह कहना चाह रहा हूं ऐसे ऐसे ठगों से दूर रहें बिहार ग्राम रक्षा दल का एक संगठन है बिहार ग्राम रक्षा दल का एक लड़ाई जारी है जिसमें सरकार से हम लोग मांग कर रहे हैं और सारे बिहार ग्राम रक्षा दल को मैं यह खुशखबरी देना चाहता हूं कि अब वह दिन दूर नहीं बहुत नजदीक हैं हम लोगों का मांग जरूर पूरा होगा हमारे प्रदेश अध्यक्ष श्री राम प्रसाद राव जी अभी भी पटना मैं अलग-अलग मंत्रियों से मिलने का काम कर रहे हैं और वह इस समय पटना में सारे मंत्रियों का गेट का चक्कर काट रहे हैं जहां बिहार ग्राम रक्षा दल के जिला प्रवक्ता ने यह भी बताया कि हम लोगों का मांग जिस दिन पूरा हो जाएगा उस दिन हम लोग ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक काम करेंगे जय हिंद जय भारत जय ग्राम रक्षा दल जिंदाबाद जिंदाबाद

## सृजन घोटाले में संलिप्त जय श्री ठाकुर कि 11 एकड़ भूखंड पर ईडी का छापा

**दैनिक समाज जागरण बौंसी**
**संवाददाता–सुनील कुमार**

बौंसी/बांकाः- सृजन घोटाले में संलिप्त बांका की पूर्व एडीएम जय श्री ठाकुर की तीन अलग-अलग जगहों पर सिरांय मौजा की करीब 11 एकड़ जमीन को प्रवर्तन निदेशालय के द्वार जप्त कर लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय पटना से आई 5 सदस्यीय टीम ने अंचलाधिकारी विजय कुमार गुप्ता और अंचल कर्मियों के सहयोग से 3 जगहों की जमीन को चिन्हित किया और मापी कर उन जगहों पर प्रवर्तन निदेशालय का बोर्ड लगा दिया गया। टीम सदस्यों के मुताबिक बोर्ड लगाए गए और चिन्हित किए गए जमीन की अब खरीद फरोख्त नहीं की जा सकती है। टीम के सदस्यों के द्वारा सबसे पहले सिरांय मौजा की खाता संख्या 58 की 4 एकड़ 87.75 डिसमिल जमीन और इसी



खाता की 3 एकड़ 34.5 डिसमिल जमीन, जबकि खाता संख्या 134, 82,83 और 85 की 2 एकड़ 94 डिसमिल जमीन जप्त किया है। इसके अलावा बांका में खाता 279 के 58,28 खसरा में पुत्र ऋषिकेश चौधरी के नाम पर 4 एकड़ की जमीन को जप्त किया गया है। जमीन को जप्त कर बोर्ड लगा देने के बाद टीम तत्कालीन एडीएम जय श्री ठाकुर के भाई के घर ब्रह्मपुर गांव पहुंची। मालूम हो कि पूर्व एडीएम का मायका ब्रह्मपुर गांव ही है। यहां उनके भाई को नोटिस दिया गया कि, वह जल्द से जल्द बैंक डिटेल और जमीन के कागजात के साथ अपने अन्य संपत्तियों के कागजात को लेकर पटना पहुंचे। इस मौके पर बौंसी थाना के एसआई उमेश कुमार प्रसाद, एएसआई महेंद्र मिश्रा, अंचल राजस्व कर्मचारी समरजीत सिंह, अंचल अमीन सरगुण दास, अविनाश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण बौंसी**
**संवाददाता–सुनील कुमार**

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड सभागार में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड सभागार में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि, खादी ग्राम उद्योग आयोग बिहार पटना एवं जिला उद्योग केंद्र बांका के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य रूप से इस कार्यक्रम के जरिए शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया। उन्हें नए नए उद्योगों की जानकारी भी दी गयी। ताकि वह खुद से ही अपना उद्यम अथवा स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे विधिवत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक नरेश दास एवं वरीय उप समाहर्ता अजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर



पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीएम ने कहा कि, वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम चला रही है। युवा उद्योग लगाकर आर्थिक रूप से समृद्ध बन सकते हैं। जिला उद्योग प्रबंधक ने कहा कि, इस योजना के तहत सरकार द्वारा आम नागरिकों को स्वयं रोजगार खोलने के लिए 1000000 रुपए की राशि तक का लोन उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें नागरिकों को 25% से 35% तक अनुदान की राशि सरकार द्वारा मुहैया कराई जाती है। यदि कोई युवा इस योजना के तहत लाभ लेना चाहता हैं तो, उसके लिए युवक एवं युवती इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख बिरसा सोरेन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, जिला उद्योग के पदाधिकारी प्रदीप कुमार, योगेंद्र सिन्हा, मुखिया संघ के अध्यक्ष हरिहर यादव सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। साथ ही इसमें संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ साथ विभिन्न बैंकों के बैंक पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## चांदन अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत साह**

चांदन/बांका/शुक्रवार 26 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पुरानी अस्पताल चांदन के सभागार में प्रखंड प्रमुख रविश कुमार व प्रभारी चिकित्सक डॉ एके सिन्हा के अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठकर में आयुष्मान भारत जन योजना के अंतर्गत प्रस्ताव राशि का 75 प्रतिशत राशि अस्पताल के विकास में लगाये जाने,अस्पताल रंगरोगन, रोगियों को खिलाये जाने खाना में अनियमितता पाये जाने पर निर्धारित रुपए काट लिए जाने,प्रत्येक महीने रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित करने सहित आदि पर प्रस्ताव पारित किया। साथ ही अस्पताल परिसर में जनरेटर सुविधा दुरुस्त रखने की बात कही। तत्पश्चात बैठक के दौरान प्रभारी



चिकित्सक डॉ एके सिन्हा ने अस्पताल परिसर के मुख्य गेट के समीप पोखर से होने वाली दुर्घटनाएं से प्रखंड प्रमुख रवीश कुमार को अवगत कराया। जहां उन्होंने इन समस्याओं को शीघ्र निदान कराने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ऐके सिन्हा, स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ यस राज, प्रखंड प्रसार प्रशिक्षक संजय कुमार, स्थापना की बड़ा बाबू सुधीर कुमार ठाकुर, अकाउंटेंट संदीप कुमार डाटा ऑपरेटर प्रशांत कुमार, रोगी कल्याण समिति सदस्य शिरोमणि यादव सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## श्री श्री 108 नवाह यज्ञ चलेगी 28 अगस्त तक, भक्ति मय बना सम्पूर्ण क्षेत्र

**दैनिक समाज जागरण**
**समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के सिंघिया प्रखंड अंतर्गत कुंडल 01 पंचायत के मामूरपुर वार्ड संख्या 2 के हनुमान मंदिर पर श्री श्री 1008 नवाह यज्ञ जो 28 अगस्त तक चलेगी। इस नवाह यज्ञ से सम्पूर्ण क्षेत्र भक्ति मय हो रहा है।पंडित विपिन मिश्रा पुजारी रामसी यादव, जगदीश यादव,शिव कुमार यादव,घनश्याम यादव सहित अन्य लोगों के द्वारा श्री राम जय राम,जय जय राम के जयघोष से वातावरण भक्ति में बना हुआ है। विदित हो कि यहां का नवाह यज्ञ पिछले 5 वर्षों से चर्चा का विषय बना हुआ है। अगल-बगल के गांव के कीर्तन मंडली के पधारने से इस नवाह यज्ञ में चार चांद लगा हुआ है। वहीं सिंघिया प्रखंड प्रमुख बिरजू साह एवं पंचायत के मुखिया चंद्रमणि सिंह उर्फ कारो सिंह,सरपंच पम्मी सिंह एवं पंचायत कुंडल 01 के सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। वहीं कपिल देव यादव,शिक्षक गंगा सागर यादव,लीलाधर यादव, रामसेवक यादव,अर्जुन मुखिया,मनीष कुमार, पत्रकार पिंकेश कुमार पप्पू,विजय यादव,नरेश यादव,लक्ष्मी यादव, अक्षय,कारी,मिथिलेश, बाला यादव,गंगा मुखिया जामुन यादव,शंकर मुखिया,दिलीप,संजीत, अजीत एवं समस्त ग्रामीण इस शुरू कार्य में सहयोग दे रहे हैं।

## जल निकासी के लिए सांसद निधि से दी जाएगी 7 करोड़ रुपये- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय

**दैनिक समाज जागरण**
**समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर- केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री सह उजियारपुर सांसद नित्यानंद राय ने कहा कि सकरी चौर से जल निकासी के लिए सांसद निधि से 1करोड़ 2 लाख रुपए दिया गया है। उजियारपुर के आम जनता की कड़ी निगरानी में कार्य पूरा कराया जाएगा। नित्यानंद राय ने यह भी कहा कि रकम घटने पर अपने निजी कोष से और भी रकम दूंगा। वहीं उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर जल निकासी की व्यवस्था के लिए 7 करोड़ रुपए सांसद निधि से देने की भी बात कही। अपने संबोधन को दौरान उन्होंने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुवे ये भी कहा कि पूरे देश और दुनियां का काम देखने के लिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने जिम्मेवारी सौंपी है। हम कोई मुख्यमंत्री का उम्मीदवार नही



हैं। तेजस्वी यादव हमको ठंडा क्या करेगा ? अगर, आप गलत नहीं करेंगे तो सीबीआई या ईडी आपके घर क्यों जाएगी। गृहमंत्री नित्यानंद राय ने केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई विभिन्न योजनाओं की भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पार्षद अमन परासर ने की। मौके पर जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा,प्रमुख रुपांजलि कुमारी, अरविन्द कुमार कुशवाहा,मुखिया दिलीप कुमार,श्याम नंदन महतो, पिंटू झा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## "फुल्लीडुमर व्यवसाई के 457 बोरा अरवा चावल लदे ट्रक को अमरपुर पुलिस जप्त कर जांच में जुटी"

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
**कामेश्वर साह फूलीडूमर /बांका**

अमरपुर पुलिस ने गश्ती के दौरान शुक्रवार को अहले सुबह रामपुर इंग्लिश मोड मुख्य मार्ग पर 457 बोरा अरवा चावल लदे ट्रक को जप्त कर, चालक को हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ कर रही है पूछताछ के दौरान चालक समस्तीपुर निवासी वकील राय ने बताया कि वह सिलीगुड़ी से सीमेंट लोड कर भागलपुर मोदीनगर में ट्रक खाली किया थो वहीं पर फुल्लीडुमर पाराचक निवासी सुदीन साह ने उनका ट्रक भाड़े पर, फुल्लीडुमर से वर्धमान के लिए बुक किया था, और



उन्होंने फुल्लीडुमर बाजार सहित कई अन्य जगहों पर रुक रुक कर अरबा चावल ट्रक पर लोड किया थो वहीं इस संबंध में अमरपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को अहले सुबह गश्ती के दौरान 457 बोरा अरवा चावल लदे ट्रक को जप्त किया गया `चावल का कोई कागजात नहीं दिखाने पर आगे की कार्रवाई हेतु प्राथमिकी दर्ज की जा रही है`पुलिस की इस कार्रवाई से इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली मची हुई है

## उत्पाद विभाग ने भिन्न भिन्न जगहों से 634 बोतल शराब के साथ चार तस्कर को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण बौंसी**
**संवाददाता–सुनील कुमार**

बौंसी/बांकाः- उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा थाना क्षेत्र के महाराणा हाट मुख्य मार्ग से अलग-अलग वाहनों से 634 बोतल विदेशी शराब के साथ चार शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। मामले में उत्पाद पुलिस ने वाहन के पीछे विशेष तहखाना एवं सीट के बैक रेस्ट के पीछे बने बॉक्स से 750`' की 404 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना पर वाहन को रुकवा कर तलाशी लेने पर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। साथ ही वाहन में बैठे शराब तस्कर दुमका जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनडीहा गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद राऊत के पुत्र वाहन चालक संतोष कुमार और जामा थाना क्षेत्र के सीताराम राऊत के पुत्र विक्की राऊत



को गिरफ्तार किया गया है। थोड़ी देर बाद फिर गुप्त सूचना के आधार पर महाराणा के पास एक बोलेरो को रुकने का इशारा किया गया। जिसे रजौन थाना के सहयोग से पुंसिया के पास पकड़ लिया गया। वाहन की तलाशी लेने पर गाड़ी के नीचे तार बांधकर लटकाए गए 180`' के 230 बोतल विदेशी शराब को बरामद किया गया है। इस मामले में बेगूसराय जिला के साहबपुर कमाल थाना क्षेत्र अंतर्गत चौका पूरब टोला निवासी रामविलास यादव के पुत्र वाहन चालक रौशन कुमार और खगड़िया जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्र नगर गांव निवासी उमेश यादव के पुत्र सुबोध कुमार को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल का नेतृत्व सहायक अवर निरीक्षक दिलीप कुमार और विजय पंडित के द्वारा किया गया था। बताया जाता है कि, यह शराब की बड़ी खेप बंगाल से आ रही थी।

## "ग्राम पंचायत भितीया वार्ड संख्या 15 ग्राम बरमसिया में बना जल मीनार बनी शोभा की वस्तु, शुद्ध पेयजल के लिए बिलबिला रहे ग्रामीण"

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
**कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के ग्राम पंचायत भितीया अंतर्गत वार्ड संख्या 15 ,ग्राम बरमसिया में 14 लाख से ज्यादा की राशि से मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत नल जल योजना का बना जल मीनार यहां शोभा की वस्तु बनकर रह गई हहैवही इस संबंध में ग्रामीण अनीता मुर्मू, बड़की हेंब्रम ,मुंशी हेंब्रम, समाजसेवी हरीश यादव, मजनू सिंह सहित दर्जनों लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि जब से इस वार्ड में जल मीनार का निर्माण हुआ है तब से आज तक ग्रामीणों को एक भी बूंद पानी नसीब नहीं हुआ है जबकि वार्ड संख्या 15 आदिवासी एवं हरिजन बहुल गांव है वही प्रखंड के ज्यादातर जल



मीनार सिर्फ कागज पर हैं इससे आम व्यक्ति को कोई लाभ नहीं हो रहा है ग्रामीणों के अनुसार सरकार का लाखों रुपए खर्च कर बना जल मीनार प्रखंड में बेकार साबित हो रहा है ,जिसे देखने वाला कोई नहीं वही इस संबंध में पूछने पर मुखिया बबीता भारती एवं वार्ड सदस्य बाबूलाल मुर्मू ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या से वो पदाधिकारियों को अवगत करा दिए हैं इधर गर्मी में बरमसिया गांव के लोग पीने की पानी जोर एवं दूर जलाशय से लाते हैं वहीं माल मवेशियों तक को पीने का पानी का घोर संकट है आगे ग्रामीणों ने बताया कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया ,तो वे लोग प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे

## ट्रक एवं ऑटो की टक्कर में एक राहगीर जख्मी रेफरल अस्पताल में किया जा रहा उपचार

**दैनिक समाज जागरण बौंसी**
**संवाददाता–सुनील कुमार**

बौंसी/बांकाः- बौंसी मुख्य बाजार के बजरंगबली चौक पर शुक्रवार को झारखंड की तरफ से आ रही एक ट्रक ने बौंसी बाजार में खड़े ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। इस घटना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। अफरातफरी के चक्कर में दोनों तरफ से सड़क जाम लग गई। काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। इसकी सूचना पुलिस को मिलने पर मौके



पर पहुंची पुलिस ने करीब आधे घंटे की मशक्कत से जाम क्लियर कराया और यातायात बहाल हो पाई। साथ ही ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त ऑटो को सड़क के बीच से हटाया गया। हालांकि इस घटना में एक राहगीर जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की सहयोग से ऑटो के माध्यम से रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां जख्मी राहगीर का उपचार चल रहा है।

## 135 लीटर शराब दो बाईक के साथ दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

मधुबनी जिला के जयनगर थाना पुलिस के द्वारा अभियान के तहत बड़ी मात्रा में शराब और दो बाईक के साथ दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पुलिस पदाधिकारी वीपीन कुमार सिंह समेत पुलिस बल के द्वारा थाना क्षेत्र में विशेष गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कोरहिया गुमटी के समीप छापेमारी कर दो बाईक पर लदे बड़ी मात्रा में शराब की खेप के साथ दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। बरामद दो पहिया वाहनों पर लदे जब्त शराब में कुल 135 लीटर नेपाली देशी शराब समेत शराब ढुलाई में उपयोग होने वाले वाहनों को जब्त किया । जब्त शराब वाहन और शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर आगे की करवाई हेतू थाना लाया गया। बाईक शराब के साथ गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र कोरहिया परसाही निवासी राम बाबू साह उर्फ बहादुर पूर्वे का पुत्र लव कुमार साह एवं कुश कुमार पूर्वे बताया जाता है। मामला दर्ज कर आगे की करवाई हेतू आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अभियान के तहत करवाई और छापेमारी जारी रहेगी।

## भाकपा नेता के निधन पर वामपंथियों ने दी श्रद्धांजलि।

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू**

बासोपट्टी प्रखंड के भागरथ पट्टी निवासी वयोवृद्ध भाकपा नेता कॉ कृष्ण कुमार झा 90 वर्ष के निधन पर जयनगर अनुमंडल के वामदलों के कार्यकताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



लगभग 90 वर्षीय भाकपा नेता कृष्ण कुमार झा बहुत दिनों से बीमार थे। वे कम्युनिस्ट आंदोलन के शुरूआती दौर के कार्यकताओं में से एक थे। वे कई बार बासोपट्टी प्रखंड के भाकपा के अंचल मंत्री पद पर भी रह चुके थे और उनके नेतृत्व में भूमि आंदोलन भी किया गया था।

उनके निधन पर भाकपा माले जयनगर के प्रखंड सचिव भूषण सिंह एवं भाकपा जयनगर पूर्व अंचल मंत्री नरेश ठाकुर आज उनके घर पर पहुंच कर उनके परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त किया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वाले में भाकपा माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह मुस्तफा कासिन्दर यादव महेश्वर पासवान तस्लीम रशीद भाकपा के शहर मंत्री श्रवण साह पूर्व अंचल मंत्री नरेश ठाकुर सूरज ठाकुर शिवजी पासवान जहांगीर सहित अन्य शामिल हैं।

## करंट लगने से मजदूर की मौत,मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देशरी करख पंचायत के वार्ड संख्या 12 शाहपुर निवासी स्व.भुट्ठ मुखिया के 38 वर्षीय पुत्र नरेश मुखिया की मौत करंट लगने से हो गई। जिससे क्षेत्र भर में कोहराम मची हुई है। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक



नरेश मुखिया मकान निर्माण कार्य में मिस्त्री रामबालक मुखिया के साथ ग्रेंडर मशीन से छड़ काटने का काम कर रहे थे। जिसमें अचानक करंट आ गई। जिससे नरेश मुखिया की स्थिति गंभीर हो गई। वहीं परिजनों ने आनन-फानन में विभूतिपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि मृतक के एक पुत्र प्रिंस कुमार और दो पुत्री सपना कुमारी एवं मौसम कुमारी हैं। इस दुखद घटना से पत्नी रिंकू देवी बच्चे सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हो रहा है। इधर सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस जांच में जुट गई है।

## बिजली तार जोड़ने के दौरान करंट लगने से मौत।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट**

कटोरिया थाना क्षेत्र के हड़हार पंचायत अंतर्गत सठियारी गांव में बिजली के करंट लगने से एक बृद्ध किसान की मौत हो गई। मृतक गांव के स्व.कमली मंडल का पुत्र दिनेश मंडल ( 65 वर्ष) बताया गया है।



जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बृद्ध किसान अपने घर से खेत गया था, खेत से वापस घर में बिजली का तार को जोड़ रहा था। जिससे बिजली करंट के झटके से बृद्ध गिर गया। स्वजन ने लेकर आनन-फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचे। जहां डा. कृपा सिंधु द्वारा जांच कर बृद्ध किसान को मृत घोषित कर दिया गया। इधर, स्वजनों द्वारा मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सअनि एसके सुमन ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। तथा पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं मृतक दिनेश मंडल की पत्नी नीलम देवी, पुत्र पुष्पक कुमार मंडल, रोहित कुमार मंडल, राहुल कुमार, शशि कुमार अन्य स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनी घर से 5 बच्चे एवं माता पिता के साथ हो गई घर से बे घर आमरण अनशन पर बैठी रुकमणी देवी पति दिलीप मंडल पूरे 5 बच्ची के साथ अनशन पर बैठी है

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्टर चंदन कुमार**

प्रधानमंत्री आवास घर को गांव के दबंगों द्वारा तोड़कर घर से बे घर कर दिया गया जमीन पर कब्जा कर लिया गया इस मामले की सूचना लिखित आवेदन रुकमणी देवी ने लिखित आवेदन पलासी थाना अध्यक्ष को



दी एवं पुलिस अधीक्षक अररिया जिला पदाधिकारी लिखित आवेदन दिया गया उसके पश्चात कोई कानूनी प्रक्रिया की न्याय नहीं मिल पाई एवं सरकार से न्याय की मांग कर रही है लाचार बेबस रुकमणी देवी एवं उसके पति दिलीप मंडल पांच छोटे छोटे बच्ची के साथ खा रही है दर-दर की ठोकर यह अनशन दिनांक 23, 8 ,2022 से 26,8 ,2022 दिन शुक्रवार पेंशन भवन के सामने अनशन पर बैठी हुई दीख रही है

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दिव्यांग बच्चों का होगा डोर टू डोर सर्वे कार्य।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।**

सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले के आदेश के तहत दिव्यांग बच्चों का डोर टू डोर सर्वे करने को लेकर शनिवार को प्रखंड संसाधन केंद्र कटोरिया में आंगनवाड़ी सेविका ,टोला सेवक ,तालिमी मरकज, विकास मित्रों को




एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि बांका जिला अधिकारी अंशुल कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार 0 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों का घर घर जाकर सर्वे करना है। इस कार्य में सेविका विकास मित्र तालिमी मरकज को लगाया गया है। इसको लेकर कटोरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम प्रकाश ने पत्र जारी किया है उल्लेखनीय है कि जल्द ही विकलांग बच्चों का सर्वे कार्य शुरू कर दिया जाएगा

# जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के कई लोग हुए बीमार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

बांका/चांदन/ प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी बारने पंचायत के गरभूडीह गांव थाना आनंदपुर ओपी भैरोगंज के रहने वाले आदिवासी समाज के एक ही परिवार के पांच सदस्य जंगली मशरूम खाने से सभी लोगों का कुछ ही मिनटों के बाद स्वास्थ्य की हालत बिगड़ने लगा। वही खाने वाले सदस्य बाबूराम बेसरा, बड़की मरंडि, सविता मरंडि,संजू बेसरा, सुखदेव हेम्बरम,उषा टूडू, के नाम से जानकारी प्राप्त हुई। पूछताछ के क्रम में बताया कि परति प्लॉट



जमीन पर जंगली मशरूम बरसात के मौसम हुआ करता है। वहीं मसरूम खाने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी और बेहोशी हालत आने लगा।तभी गांव मोहल्ले के सहयोग से आनन फानन में सभी परिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्रभारी चिकित्सक एके सिन्हा के देख-रेख में सभी को उपचार किया गया।जो स्थिति खतरे से बाहर बताया गया। वहीं मंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है जो गरीब तबके के लोग अपने जीवन यापन बिताने के लिए नहीं पता होने के कारण फंगस सब्जियों को भी अपने आहार बनाकर खा पीकर जीना चाहता हैऔर वह हादसे का शिकार बन जाता है।

# मुखिया के उपस्थिति में वार्ड सभा आयोजित

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के हसनपुर प्रखंड अंतर्गत दूधपुरा पंचायत में वार्ड संख्या 3 के वार्ड सदस्या रेखा देवी ने वार्ड की समस्याओं के समाधान को लेकर अपने दरवाजे पर वार्ड सभा का आयोजन किया।

जिस वार्ड सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने मुखिया से पुराने बने नाले को ठीक कराने या नये तरीके से बनाने की मांग किया। वहीं वार्ड सभा में उपस्थित कुछ महिलाओं ने शौचालय नहीं बने रहने पर बाहर में शौच करने जाने पर जमीन मालिक से गाली सुनना पड़ता है की बात कही। इस पर पंचायत के मुखिया कैलाश महतो ने सभी महिलाओं को समझाते हुए कहा कि आप लोग शौचालय बनाएं। सरकार के द्वारा प्रोत्साहन के रूप में 12000 रुपए दिया जाता है। हम प्रोत्साहन राशि जल्द से जल्द आप लोगों को दिलाने का काम करेंगे। वहीं कुछ बुजुर्ग लोगों ने वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की बात मुखिया कैलाश महतो से कहा। मुखिया ने उन सबों को आवेदन देने की बात कही और जल्द से जल्द वृद्धा पेंशन दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर दुर्गेश कुमार,कैलाश साहनी,महिंद्र सहनी, अजय यादव,खट्टर सहनी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिहार प्रांतीय किसान खेतिहर मजदूर यूनियन ने किया प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर- बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन विभूतिपुर अंचल कमिटी की ओर से प्रखंड कार्यालय पर शशिकांत झा की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य कमिटी सदस्य रामदयाल भारती ने कहा की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बावजूद भी देश में गरीबी



बढ़ी है। गरीब दिन व दिन और गरीब हुए हैं।कारपोरेट की संपत्ति में भारी इजाफा हुआ। सार्वजनिक संपत्ति बेची जा रही है। सरकार अमीरों का चौकीदार बन कर रह गयी है। अग्नीपथ योजना लाकर युवाओं को ठगने का काम कर रही है। सभा को बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के अंचल मंत्री क्रांति कुमार,राजेंद्र मालाकार, सिया प्रसाद यादव, वासुदेव पौदार,किसान नेता राम आशीष महतो, कृष्णमूर्ति,राम उदय महतो आदि ने संबोधित किया। प्रदर्शन का आयोजन 16 सूत्री मांगों को लेकर किया गया था। प्रमुख मांगों में आलमपुर कोदरिया,गंगोली मंदा सहित विभूतिपुर पूरब पंचायत के मनरेगा मजदूरों के बकाया राशि का भुगतान,पंचायत में जेसीबी और ट्रैक्टर से काम करने वाले एजेंसी पर कारवाई करने तथा राशि पर रोक लगाने, भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देने,प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही धांधली पर रोक लगाने, पेंशन धारियों को 3000 पेंशन प्रतिमाह करने, बोरिया पंचायत के वार्ड 4 में नल- जल योजना से वंचित महादलित परिवार को जलापूर्ति की गारंटी करने तथा गलत एमबी करने वाले इंजीनियर को कार्रवाई करने एवं चकहबीब बैल चोर हत्याकांड में बैल मालिक सुखलाल सहनी को दोष मुक्त करने की मांग थी।

# पुलिस और बीएसएफ के संयुक्त अभियान में करीमगंज में याबा टैबलेट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है

**असम संवाददाता दैनिक समय जागरण**

असम करीमगंज सदर थाने की पुलिस को गुप्त सूत्रों के आधार पर नशा विरोधी अभियान चलाकर एक बार फिर सफलता मिली है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ और करीमगंज सदर थाने की पुलिस की टीम ने संयुक्त अभियान चलाया. शुक्रवार की सुबह और भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमावर्ती कस्बे के बिशरजन घाट क्षेत्र से भारी



मात्रा में याबा टैबलेट बरामद किया गया। बिलाल उद्दीन नाम के एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफल रहा गिरफ्तार व्यक्ति का घर पाथारकान्दी के सोनातुला क्षेत्र में है उक्त कार्रवाई में पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के पास से दस पैकेट में तीन सौ तीस ग्राम याबा टैबलेट जब्त की.गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ विशेष तरीके से मुकदमा दर्ज कर उसे फिलहाल थाने में हिरासत में लिया गया है. लंबी पूछताछ सदर पुलिस कर रही है।पुलिस ने कहा कि जब्त की गई याबा गोलियों का बाजार मूल्य करीब डेढ़ लाख रुपये होगा।

# उप विकास आयुक्त बांका कौशलेंद्र कुमार ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो:- चीफ उमाकांत साह**

उप विकास आयुक्त बांका के कौशलेंद्र कुमार ने चांदन प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों एवं पंजियों को खंगाला।जिसे देख अधिकारियों एवं कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ था। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के पंजी,प्रखंड कर्मियों सेवा पुस्तिका, प्रखंड कार्यालय हेतु कर्मियों के स्वीकृति,लॉग बुक,निर्गत पंजी,प्राप्ति पंजी, कैश कर्मचारी सेवा बुक आदि का गहन से अवलोकन किया। जिसमें कई पंजियों के अद्यतन नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की।डीडीसी ने इसके लिए प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित नाजिर साहब को कड़ी फटकार लगाई। तथा नाजिर को दो सप्ताह के अंदर चिन्हित कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा डिडीसी की बैठक में आईसीडीएस कार्यालय को प्रखंड कार्यालय परिसर में लाने को लेकर उठाए गए मामले तथा पारित प्रस्ताव के आलोक में डीडीसी ने बीडीओ



को शीघ्र प्रखंड कार्यालय में स्थान मुहैया कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही योजना में प्रगति पंजी की समीक्षा भी की गई। इस दौरान प्रखंड प्रमुख रवीश कुमार व चंदन वीडियो राकेश कुमार ने डीडीसी कौशलेंद्र कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात बांका डीडीसी ने श्रावणी मेला के दौरान अच्छे कार्य करने वाले प्रखंड प्रशासनिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को उपहार स्वरूप प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।मौके पर बीडीओ राकेश कुमार,सीओ प्रशांत सांडिल्य,प्रधान लिपिक दिलीप श्रीवास्तव,उर्दू अनुवादक शमशाद हसन सिद्धीकी मुख्य रुप से मौजूद थे।

# नीलू देवी ने दी मारपीट करने के संबंध में अररिया महिला थाना में लिखित आवेदन सास ससुर एवं पति के खिलाफ

**दैनिक समाज जागरण**
**अररिया से रिपोर्टर चंदन कुमार**

अररिया महिला थाना के लिखित आवेदन के अनुसार नीलू देवी उम्र 30 वर्ष पिता करमचंद यादव शिवपुरी वार्ड नंबर 9 थाना व जिला अररिया के निवासी हैं 12 वर्ष पूर्व शादी विनोद यादव से हुई हिंदू रिती रिवाज के साथ हुई पांच लड़की पैदा होने के कारण पति सास ससुर हमेशा मारपीट गाली गलौज किया करते थे पति विनोद यादव मजदूरी करने बाहर चले गए कमाई अपने पिताजी के खाते में रुपया भेज देते थे ससुराल वाले खाना-पीना कपड़ा कुछ भी नहीं देते थे और पढ़ते थे कि उनको सिर्फ जाती है इसलिए तुम को रहने नहीं



देंगे अक्सर मारपीट पर गाली गलौज दिया करते थे इसके पश्चात घर से निकल जाने की धमकी भी दिया करते थे ससुर रामानंद यादव धामा मटियारी वार्ड नंबर 1 थाना आर एस ओपी जिला अररिया के निवासी है 25,8 ,2022 को समय 7:00 बजे सुबह रामानंद यादव ,पबै यादव, उषा देवी पति दिनेश यादव, काफी मारपीट करने के परम में गले से 4 भरी चांदी का चैयन8 भरी चांदी का पायल छीन लिया गया इलाज करने के लिए अररिया सदर हॉस्पिटल लाया गया इलाज करने के बाद महिला थाना में लिखित आवेदन दर्ज किया गया महिला थाना से उचित कार्रवाई करने की मांग रखी

# देव प्रखंड़ के सरगांव पंचायत के कंतरी गांव के लिए आज भी हैं कच्ची रास्ते है ।गड़ढे व कचड़े में तब्दील, रास्तें का हाल हैं बेहाल।

**दैनिक समाज जागरण, औरंगाबाद से वीरेंद्र यादव का रिपोर्ट**

औरंगाबाद (बिहार) 27 अगस्त 2022:- जिले के देव प्रखंड का सरगांव पंचायत के कंतरी गांव के लिए कच्ची रास्ते है । गड़ढे व कचड़े में तब्दील रास्तें का हाल - बेहाल है। जीने के लिए और.क्षेत्रों के विकास के लिए पक्की सड़क एवं संसाधन अति आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। सड़क जब कीचड़ में तब्दील हो जाती है। तो लोग तरह-तरह की बातें करने लगते हैं। यही मामला है। कंतरी गांव वार्ड नं 06 की आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी हैं। यह कंतरी के सड़क को कच्ची से पक्की होने का आजतक सौभाग प्राप्त नहीं हुआ। हालांकि यह सड़क की दूरी एक किलोमीटर है। ग्रामीण कहते हैं। की पंचायत के साहब के तो कहते कहते थक गए हैं। अब हम लोग बड़े साहब के पास जाएंगे। यह रोड



सरगांवा गाँव से कन्तरी उर्दू प्राथमिक विद्यालय तक जाती हैं। वर्तमान सरकार सभी गांव को मुख्य सड़क से जोडने का काम किया हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना से लेकर मुख्यमंत्री सड़क योजना तक। लेकिन यह गांव की बदहाल सड़क पर किसी जनप्रतिनिधि को ध्यान नहीं है। जिले में यही एकमात्र सड़क ऐसा होगा जो अब तक नहीं बन पाया है। बरसात के दिनों में तो आने -जाने में बहुत परेशानियां होती है। खासकर स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों को आने जाने में बहुत परेशानी होती है। ग्रामीणों मोहम्मद खुर्शीद आलम, मोहम्मद तौवाब आलम, रामदास पासवान, रामस्वरूप भूईया, लालमोहन भूईंया, मंजूर आलम, ने सरकार से गुहार लगाई है की जितना जल्दी हो सके इस सड़क को कच्ची से पक्की किया जाए ताकि हम ग्रामीणों को समस्या दूर हो।

# असम करीमगंज सदर अंचल कार्यालय के लाट आमीन रंजीत गोस्वामी को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया.

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

असम राज्य प्रशासन की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा ने असम राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत राज्य भर में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ छापेमारी शुरू की है। यह एक के बाद एक सफलता मिली है ।परिणामस्वरूप, कई रिश्वत लेने वाले पकड़े गए हैं सरकार के हाथ में. इस तरह सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा शुक्रवार को करीमगंज सदर अंचल कार्यालय के लाट आमीन रंजीत गोस्वामी को रंगे हाथों रिश्वत लेते दबोचा है. करीमगंज के लोग लंबे समय से उनके खिलाफ शिकायत कर रहे थे. लेकिन कुछ नहीं किया जा रहा था। कई लोगों द्वारा उनके खिलाफ राजनीतिक दबाव बनाने के बाद भी, शिकायत थी कि वह सब कुछ संभाल रहे थे। अब तक, रंजीत बाबू को राज्य सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा द्वारा पकड़ा गया। विरोधी के अधिकारी -राज्य सरकार



की भ्रष्टाचार शाखा ने उन्हें शुक्रवार को उनके कार्यालय में बैठे-बैठे गिरफ्तार कर लिया।

अभियोजन पक्ष में रंजीत गोस्वामी के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी, यह देखने वाली बात होगी।

# असम करीमगंज जिले के पातीयाला जीपी के कुछ बेईमान लोग अखंडता को धूमिल करने की कोशिश में लिप्त हैं।

**नौ वार्ड सदस्यों व सदस्यों की प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री आवास योजना लेन-देन के झूठे आरोप को नकारा।**

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण:**

वर्तमान सरकार कड़ी निगरानी के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना उपलब्ध करा रही है। इसमें किश्तों का भुगतान ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रखंड विकास अधिकारी की देखरेख में किया जाता है। जिसका अर्थ है कि पीड़ितों की व्यक्तिगत खाता बही में काम के अनुसार किश्तों का भुगतान किया जाता है। जिसकी निगरानी संभागीय जेई करते हैं। काम नहीं होने पर भी किश्त नहीं दी जा रही है। इसके अलावा, पातीयाला ग्राम पंचायत के कुछ बेईमान लोग 22 अगस्त को पटियाला जीपी की अध्यक्ष सेलिना बेगम पर



आवास योजना प्रदान नहीं करने के लिए समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में झूठे लेनदेन करने का आरोप लगाकर पारदर्शिता की भावना को कलंकित करने के प्रयास को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। जिन्होंने सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार घरों को पक्का किया है। प्रतिष्ठित लोग। इस संबंध में आज 25 अगस्त (गुरुवार) को पातियाला ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रेस वार्ता कर वार्ड सदस्यों व गणमान्य लोगों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता इंताज उद्दीन, सनई मिया और खलील उद्दीन अपने समाज को स्वीकार्य नहीं हैं. इतना ही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में परिवार सूची में नाम न होने के बावजूद पैसा नहीं निकालने का आरोप लगा रहे हैं, जो पूरी तरह निराधार है. यह भी ज्ञात है कि इंताज उद्दीन के पास एक अच्छा मकान है, लेकिन गाइड के अनुसार, उनके परिवार को तीन आवास योजनाएं प्रदान की गई हैं। बैठक में उपस्थित वार्ड सदस्यों के साथ-साथ हितधारकों और गलत सूचना फैलाने वाले रिश्तेदारों ने यह राय व्यक्त की लेन-देन के आरोप झूठे हैं और पटेल अखबार के कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे किसी भी समाचार कवरेज से पहले जांच लें ताकि अच्छे काम में कोई बाधा न आए। सभापति के प्रतिनिधि गीयास उद्दीन, उपसभापति बहार उद्दीन, जहूरुल इस्लाम, जकारिया अहमद, अब्दुल हक पारितोष नाथ, नियामत अली, अब्दुल सलाम, उपस्थित थे प्रेस कॉन्फ्रेंस में

# पूर्व मंत्री भोला राय का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार,शोक की लहर

**दैनिक समाज जागरण**
**रिपोर्ट मोहम्मद शाहनवाज अता**

हाजीपुर(वैशाली)पूर्व मंत्री व प्रखर समाजवादी नेता उदय नारायण राय उर्फ भोला राय का राजकीय सम्मान के साथ जिले के राघोपुर प्रखंड स्थित रूस्तमपुर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।इस दौरान उप मुख्य मंत्री तेजस्वी यादव,मंत्री आलोक मेहता,पूर्व मंत्री शिव चंद्र राम,विधायक डॉक्टर मुकेश रौशन,पूर्व विधायक सतीश कुमार,डीएम यशपाल मीणा,एसपी मनीष कुमार समेत प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में लोग शरीक हुए।सरकारी तौर पर राजकीय सम्मान के साथ पुलिस कर्मियों ने सलामी दी और उनका अंतिम संस्कार किया गया।बता दें कि उदय नारायण राय उर्फ भोला राय का निधन बीते दिन 90 वर्ष की उम्र में हो गया था।वे जनता पार्टी की टिकट पर पहली बार 1980 में विधायक बने थे।1985 व 1990 में जनता दल के टिकट पर जीत दर्ज की।इसके बाद तीन बार एम एल सी बने।उस वक्त के मुख्य मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव के लिए 1995 में भोला राय ने राघोपुर सीट छोड़ दी जिसका चर्चा आज भी लोग करते हैं।यह समाजवादी आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाये।लालू प्रसाद यादव ने अपनी सरकार में भोला राय को गन्ना व उद्योग मंत्री बना कर उनकी कुबार्नी का सिला दिया।भोला राय



राघोपुर की तरक्की के लिए हमेशा लड़ते रहे।इनकी इसी लड़ाई की देन है कि राघोपुर से होकर सिक्स लेन पुल का निर्माण हो रहा है।लालू प्रसाद यादव से लेकर राबड़ी देवी,तेजस्वी यादव के चुनाव का मैनेजमेंट करते रहे।भोला राय के निधन से लालू प्रसाद यादव,राबड़ी देवी,तेजस्वी यादव,तेज प्रताप यादव समेत पूरा लालू परिवार सदमे में है।वहीं सूबे के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार भी गहरा दुख व्यक्त किया है।बीते सितंबर 2020 में ही बिहार के विकास पुरूष नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास के काम से खुश होकर जदयू का दामन थाम लिया था।भोला राय अपने जिंदगी में यह कहा था कि हम बिहार और देश को जेपी व लोहिया के सपनो जैसा देखना चाहते हैं।इनके संघर्ष की कहानी का एक हिस्सा यह भी है जब जेपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल ले जा रहा था तो ये उस बस हमला बोल दिया जिसमें जेपी को बंद करके ले जाया जा रहा था।यह 4 नवंबर 1974 का दिन था जब हाइकोर्ट गोलंबर के पास जेपी पर लाठीचार्ज हुआ था।भोला राय अपने जीवन में 20 माह तक जेल मे रहे।इस दौर को भूले नहीं और याद कर कहा था कि दुबारा वह दौर न आए।भोला राय के बेटे पूर्व जिला पार्षद सुरेश प्रसाद राय अपने पिता के जाने काफी सदमे मे है।भोला राय के निधन से वैशाली जिला मे शोक की लहर है।सभी राजनीतिक दल के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

# नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद का कल होगा भव्य उद्घाटन , पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल करेंगे उद्घाटन।

## बहुप्रतीक्षित ई सेवा केन्द्र का भी मुख्य जस्टिस संजय करोल करेंगे उद्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण,**

अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ/ सत्येन्द्र प्रकाश नारायण ,जिला संवाददात्ता,औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार ) 25 अगस्त 2022:- व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लिए नवनिर्मित हाइट पांच ताला बिल्डिंग का

पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल द्वारा कल होने वाले उद्घाटन को लेकर जिला जज मनोज कुमार तिवारी, जिला पदाधिकारी , एएसपी सहित अन्य न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारीयो का जायजा लिया । उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद का न्याय सतीश कुमार स्नेही ने कहा अधिकांश व्यस्ततम कोर्ट होंगे नये व्यवहार न्यायालय में स्थानांतरित, ई सेवा केन्द्र में मुवक्किलों को मिलेगी अपनी वाद की सारी जानकारी। एक पलना घर का भी होगा




उद्घाटन,पिछले तीन दशक से नहीं आये थे कोई पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश,सुरक्षा के पुख्ताहैं इंतजाम,.हर गेट पर चल रहा है.चेकिंग अभियान ।पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश करेंगे । तीन दिनों से युद्ध स्तर पर चल रही थी पेंटिंग, सफाई, व्यवस्था, सुरक्षा, उद्घाटन समारोह का इंतजाम। पटना हाईकोर्ट के कई न्यायाधीशो के आगमन की संभावना जताई जा रही है। नये व्यवहार न्यायालय का मुख्य रास्ता संस्कृत स्कूल, मदरसा स्कूल की तरफ होगा।

उपरोक्त तथ्यों की जानकारी देते हुए न्याय भी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लिए हाईटेक पांच तल्ला विल्डिंग में कुल आठ कोर्ट होंगे ,बड़ा रेकड रूम होगा, हर तल्ला पर मुवक्किलो के बेठने और पानी पीने, शौचालय का इंतजाम है, भव्य मीटिंग हॉल है ,हर कोर्ट का ओफीस कोर्ट से ही संलग्न है, आधुनिक रूप में सुंदर कोर्ट रूम तैयार की गई है जिसमें एक बड़ा लाईब्रेरी भी उपलब्ध है।

# बीडीसी की बैठक मे आया बनियापुर को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव

**दैनिक समाज जागरण**
**जमीरुद्दीन राज**

बनियापुर (सारण) प्रखंड के कृष्ण मेमोरियल सभा कक्ष मे शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख मंजूषा ओझा की अध्यक्षता मे बीडीसी की बैठक हुई।जहा प्रखंड विकास पदाधिकारी कपूरी ठाकुर के द्वारा विगत बैठक की पर चर्चा पर सभी सदस्यों द्वारा सन्पुष्टि की गयी।वही बैठक मे सीडीपीओ,शिक्षा पदाधिकारी विद्युत विभाग के पदाधिकारी सहित कई विभाग के पदाधिकारियों के सदन मे अनुस्थिति पर सदस्यों द्वारा निंदा प्रस्ताव लाया गया।वही सिसई मनिकपुरा सतुआ के 280 गरीब वँचितो को राशन नही मिलने पर सदस्यों द्वारा हंगामा करते उन्हे तत्काल लाभ देने का प्रस्ताव लाया गया प्रमुख ने बैठक को संबोधित करते कई समाजिक समस्याओ की चर्चा करते बनियापुर को अनुमंडल बनाए जाने का प्रस्ताव रखा सी ओ स्वामी नाथ राम ने राजस्व से संबंधित मामले पर सदन मे प्रतिउतर दिया।इधर मुखिया अरुण दास के द्वारा डाढीबाढ़ी भिट्ठी जर्जर सड़क,कन्या विद्यालय कराह,की चाहरदिवारी की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त कर सदन को अवगत कराया,वही पैक्स मतदाता सूची मे



प्रत्यक्ष नाम जोड़ने की व्यवस्था,बीडीसी की बैठक मे स्थानीय विधायक एमपी को शामिल होने की मांग किया।सदस्य मनिभूषण द्विवेदी ने रेफरल अस्पताल की विधि व्यवस्था की चर्चा करते अस्पताल मे अल्ट्रा साउंड,एक्स रे की स्थिति की जानकारी चिकित्सा पदाधिकारी से मांगी।सदस्यों द्वारा जन वितरण मे व्याप्त व्यापक अनियमितता की चर्चा करते सुचारु वितरण,सही मात्रा के साथ वितरण कराए जाने की बात पदाधिकारियों के बीच रखी।वही सदन मे सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना जल नल,आँगनबाड़ी,आवास योजना ,वृद्धवस्था पेंशन,किसन निधि योजना सहित ग्रामीण सड़क ,पंचायत सरकार भवन पर प्रतिनियुक्त कर्मियों की नियमित उपस्थिति सहित क इ जनकल्याणकारी योजनाओं पर अपनी बात र खी।पंचायती राज पदाधिकारी तरुण कुमार ने पंचायत मे योजनाओं घर क्रियान्वयन पर सदन मे चर्चा किया ।बीडीओ ने योजनाओं के क्रियान्वयान पर सरकारी निदेर्शों के बारे मे सदन को अवगत कराया गया उप प्रमुख दिवाकर तिवारी अशोक गुप्ता ।मौके पर मुखिया अंजली राज कौशल सिंह अरुण दास संगीता देवी दिलीप राय बीडीसी जुलेखा परवीण त्रिभुवन साह धनीता देवी बृजनंदन प्रसाद एम ओ दिलीप कुमार सिंह सहित सभी मुखिया बीडीसी सदस्य बैठक मे शामिल थे।

# राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट स्वास्थ्य केंद्र खेदड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण:**
**रक्तदान महादान : चीफ इंजीनियरे**

हिसार (राजेश सलूजा) : राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट स्वास्थ्य केंद्र खेदड़ के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। थर्मल खेदड़ सुपरिडेन्ट इंजीनियर पी.के.राय कवार ने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि थर्मल खेदड़ चीफ इंजीनियर जे.पी. धीमान ने रिबन काटकर किया। इस शिविर में महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस हिसार ने रक्त एकत्रित करने व चिकित्सा संबंधी अपनी सेवाएं दी। इस शिविर में 46 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। इन रक्तदाताओं को मुख्य अतिथि चीफ इंजीनियर जे.पी. धीमान द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चीफ इंजीनियर जे.पी. धीमान ने अपने संबोधन में रक्तदान को महादान की संज्ञा दी और कहा कि रक्त देने से शरीर में से रक्त कम नहीं होता है। बल्कि शरीर में रक्त का संतुलन बना रहता है। सुपरिडेन्ट इंजीनियर पी.केड्ड रायकवार ने अपने संबोधन में कहा कि आपके द्वारा दिए गए रक्त से जिंदगी और मौत से जूझ रहे व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने



उपस्थितजनों से समय-समय पर रक्तदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुपरिडेन्ट इंजीनियर पी.के.रायकवार, प्रवीण अरोड़ा, जगदीश राय, अरविंद निम, कार्यकारी अभियंता जे.पी.पुरोहित, कार्यकारी अभियंता सुखपाल आर्य, योगेश सिवाच, जयपाल, हरि सिंह व सीनियर अकाउंट ऑफिसर महेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# औरंगाबाद जाने के क्रम में अरवल बॉर्डर पर भव्य स्वागत किया गया।

जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार अरवल सांसद चिराग पासवान को प्रसादी इंग्लिश बाजार में अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में अंगवस्त्र , पुष्पगुच्छ ,एवं फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया । पटना से औरंगाबाद जाने के क्रम में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय युवा सांसद चिराग पासवान को अरवल जिला के प्रसादी इंग्लिश बाजार में अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में अंगवस्त्र , पुष्पगुच्छ ,एवं फूल माला पहनाकर सैकड़ों कार्यकताओं के साथ भव्य स्वागत किया गया । स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि सांसद चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को अपार जनसमर्थन मिल रहा है । सांसद चिराग पासवान के विकसित बिहार , सुंदर बिहार बनाने के संकल्प के साथ आशाभरी निगाहों से बिहार के लोग सांसद चिराग पासवान को मुख्यमंत्री के रूप में लोग देख रहे है । स्वागत करने वाले लोजपा रामविलास के नेताओं में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव , जिला महासचिव रामानन्द भगत , अरवल विधानसभा संगठन अध्यक्ष रमेश रजक , जिला सचिव सुनील कुमार , जिला सचिव भीम पासवान ,छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार , चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर शशि कुमार ,अशोक कुमार , मोहित कुमार , जेठू पासवान , अमित कुमार ,अरवल प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मुख्य रूप से शामिल हुए ।

